हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

dku live & dkunews24

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 03 अंक–311 : जौनपुर, शुक्रवार 25 मार्च 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## 52 मंत्रियों के साथ योगी आदित्यनाथ ने दूसरी बार संभाली यूपी की कमान : केशव प्रसाद व ब्रजेश पाठक बनें उप मुख्यमंत्री

लखनऊ ब्यूरो : योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की मौजूदगी में पूरे मंत्रिमंडल ने शपथ ली। केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक उप मुख्यमंत्री बनाए गए। कुल 18 कैबिनेट मंत्री, 14 स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री और 20 राज्यमंत्रियों ने भी शपथ ली। शुक्रवार को 4 बजकर 20 मिनट पर शपथ ग्रहण समारोह की कार्रवाई शुरू हुई। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सबसे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। बारी–बारी से सभी कैबिनेट और राज्यमंत्रियों को भी शपथ दिलाई गई।

**योगी आदित्यनाथ सरकार–2.0 के मंत्री**

केशव प्रसाद मौर्य – उप मुख्यमंत्री, ब्रजेश पाठक – उप मुख्यमंत्री, स्वतंत्र देव सिंह – मंत्री, सूर्य प्रताप शाही – मंत्री, सुरेश कुमार खन्ना – मंत्री, बेबी रानी मौर्य – मंत्री, लक्ष्मी नारायण चौधरी – मंत्री, जय वीर सिंह – मंत्री, धर्मपाल सिंह – मंत्री, नंद गोपाल नंदी, विधायक – मंत्री, भूपेन्द्र सिंह चौधरी – मंत्री, अनिल राजभर – मंत्री, जितिन प्रसाद – मंत्री, राकेश सचान – मंत्री, अरविंद कुमार शर्मा – मंत्री, योगेंद्र उपाध्याय – मंत्री, आशीष पटेल – मंत्री, संजय निषाद – मंत्री।



**राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार**

नितिन अग्रवाल – स्वतंत्र प्रभार, कपिल देव अग्रवाल – स्वतंत्र प्रभार, रविन्द्र जायसवाल – स्वतंत्र प्रभार, संदीप सिंह – स्वतंत्र प्रभार, गुलाब देवी – स्वतंत्र प्रभार, गिरीष चंद यादव – स्वतंत्र प्रभार, धर्मवीर प्रजापति – स्वतंत्र प्रभार, असीम अरुण – स्वतंत्र प्रभार, जेपीएस राठौर – स्वतंत्र प्रभार, दयाशंकर सिंह – स्वतंत्र प्रभार, नरेन्द्र कश्यप – स्वतंत्र प्रभार, दिनेश प्रताप सिंह – स्वतंत्र प्रभार, अरुण कुमार सक्सेना – स्वतंत्र प्रभार,दयाशंकर मिश्र दयालु – स्वतंत्र प्रभार।

**राज्यमंत्री**

मयंकेश्वर शरण सिंह – राज्य मंत्री, दिनेश खटीक – राज्य मंत्री, संजीय गौंड – राज्य मंत्री, बलदेव सिंह औलख – राज्य मंत्री, अजीत पाल – राज्य मंत्री, जसवंत सैनी – राज्य मंत्री, रामकेश निषाद – राज्य मंत्री, मनोहर लाल मुन्नू कोरी – राज्य मंत्री, संजय गंगवार – राज्य मंत्री, बृजेश सिंह – राज्य मंत्री, केपी मलिक – राज्य मंत्री, सुरेश राही – राज्य मंत्री, सोमेंद्र तोमर – राज्य मंत्री, अनूप प्रधान वाल्मीकि – राज्य मंत्री, प्रतिभा शुक्ला – राज्य मंत्री, राकेश राठौर गुरु – राज्य मंत्री, रजनी तिवारी – राज्य मंत्री, सतीश शर्मा – राज्य मंत्री, दानिश आजाद अंसारी –राज्यमंत्री, विजय लक्ष्मी कौल गौतम –राज्यमंत्री

## भारतीय प्रशासनिक सेवा – आईएएस और भारतीय पुलिस सेवा में सीधी भर्ती के लिए किया गया समिति का गठन

नई दिल्ली डीकेयू ब्यूरो :

केंद्र सरकार में भारतीय प्रशासनिक सेवा – आईएएस और भारतीय पुलिस सेवा – आईपीएस अधिकारियों की सीधी भर्ती को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि सरकार द्वारा 2022 से 2030 तक सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से आईएएस अधिकारियों की सीधी भर्ती पर सिफारिशों के लिए एक समिति का गठन किया है।

केंद्र सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा – आईएएस और भारतीय पुलिस सेवा – आईपीएस अधिकारियों की सीधी भर्ती के लिए एक समिति बनाई है। इसकी जानकारी केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को लोक सभा में एक सवाल के लिखित रूप से भी दी गयी है।

केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि सरकार ने 2022 से 2030 तक सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से आईएएस अधिकारियों की सीधी भर्ती पर सिफारिशों के लिए एक समिति का गठन किया है। इसके साथ ही उन्होंने सदन को सूचित किया कि सरकार ने सीएसई–2021 से ही सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से होने वाली आईएएस अधिकारियों की

**स्थानांतरित करने संबंधी विशेषाधिकार में संशोधन संभव**

**आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को स्थानांतरित करने संबंधी विशेषाधिकार की योजना के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने बताया कि आईएएस, आईपीएस और आईएफओएस तीनों अखिल भारतीय सेवाओं के कैडर नियमों में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति को नियंत्रित करने वाले प्रावधान शामिल हैं।**
**हालांकि, राज्य सरकारें केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारियों को नहीं भेज रही हैं। इस कारण, अखिल भारतीय सेवा अधिनियम–1951 की धारा–3 में निहित प्रावधानों के अनुसार, संबंधित कैडर नियमों के 6(1) में संशोधन के प्रस्ताव पर राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों से टिप्पणियां मांगी गई हैं।**

वार्षिक भर्ती हेतु पदों की संख्या 180 तक बढ़ा दी गयी है ,उन्हाने कहा कि जहां तक आईपीएस यानी भारतीय पुलिस सेवा का सवाल है, सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से आईपीएस (आरआर अर्थात राष्ट्रीय राइफल्स) अधिकारियों की भर्ती संख्या को सीएसई –2020 से ही 150 से बढ़ाकर 200 कर दिया गया है। वहीं,आगे कहा गया कि सीधी भर्ती के अलावा, राज्य सेवाओं से केंद्रीय सेवाओं में शामिल होने के माध्यम से रिक्तियों को भरना एक नियमित प्रक्रिया है। इसके लिए चयन समिति की बैठकें, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा राज्य सरकारों के साथ समय–समय पर आयोजित की जाती हैं।देश की उपासना समाचार पत्र केन्द्र सरकार से देश हित एवं जनहित मे यह माग करता है कि क्षेत्रीय भाषा के रूप मे विकल्प को समाप्त करते हुए मात्र हिन्दी और अग्रजी विषय को ही रखा जाना चाहिए इससे देश भर में हिन्दी को बढावा मिलेगा।

## परिणय सूत्र में बधे 11 जोड़े : धूमधाम से आयोजित किया गया कन्यादान सामुहिक विवाह कार्यक्रम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शीतला चौकिया धाम में माँ शीतला चौकिया श्रीमाली चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले शुक्रवार को 11 जोड़ो ने सात फेरे लेकर दाम्पत्य जीवन मे बंधे। शुक्रवार को शीतला चौकियां धाम परिसर में कन्यादान सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कसर्यक्रम के आयोजक आशीष माली ने बताया कि सभी जोड़ो को उपहार स्वरूप पायल, बिछिया,कील घड़ी , एक बेड, बक्सा, रजाई गद्दा गैस चूल्हा पंखा व घरेलू गृहस्ती का सामान उपहार स्वरूप इन जोड़ो को दिया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से सहयोग करने वालो में मुख्य आयोजनकर्ताओ में जय प्रकाश सिंह,कमला प्रसाद मिश्र, डा सकुन्तला यादव, बच्चा जायसवाल, अवधेश सरोज, छोटेलाल मौर्य, डब्बू यादव, संतोष गुप्ता , अमर जौहरी, विजय पंडा, विवेकानंद पंडा, पण्डित सीतारमण शरण जी महाराज ,सोनू तिवारी ,गौरव तिवारी, राजेन्द्र साहू,विनोद सोनी,पिंटू विश्कर्मा, रविन्द्र सिंह,बरिष्ठनारायन शुक्ल,काके तिवारी,रतनदीप शर्मा,सुजीत मौर्य,विनोद मिश्रा, राजू साहू, मुकेश साहू समेत तमाम लोगों का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत मे आयोजक आशीष माली ने सभी बहनों को बिदाई गीत प्रस्तुत कर बाबुल की दुआएं लेती जा जा तुझको सुखी संसार मिले भावविभोर कर दिया इस गीत को सुनकर पंडाल में उपस्थित सभी लोगो की आँखे नम्र हो गई। अशुपूर्ण नम्र गीतों के साथ जोड़ो को बिदा किये।आयोजन में आये हुए सभी आयोजन कर्ता को सुजीत मौर्या अमर जौहरी ने स्मृति चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया।

## सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी जौनपुर में आयोजित किया गया गर्ल आइकॉन कार्यक्रम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी जौनपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के क्रम में '' गर्ल आइकॉन ''कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें मिलान फाउंडेशन से नेहा श्रीवास्तव और रंजना शुक्ला ने कहा कि मिलान फाउंडेशन द्वारा संचालित गर्ल आइकन कार्यक्रम में चयनित किशोरियों को गर्ल आईकॉन के रूप में पहचान तो मिलती है उसके साथ साथ उन्हें मिलने वाली ऑनलाइन ट्रेनिंग के लिए संस्था की तरफ से स्मार्टफोन व शैक्षणिक अनुदान (छात्रवृत्ति )भी प्रोत्साहन के तौर पर दिया जाता है। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के किसी भी जनपद की आर्थिक और सामाजिक रुप से वंचित समुदाय की 12 से 18 वर्ष की आयु की ऐसी किशोरिया जिनकी पारिवारिक आय अधिकतम 1 लाख वर्ष हो वे आवेदन कर सकती हैं ।इस कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित गर्ल आइकन को अनुभवात्मक जीवन कौशल आधारित प्रशिक्षण ऑनलाइन माध्यम से एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनकी आंतरिक क्षमता को विकसित किया जाता है जिससे की वह न केवल अपने जीवन में अपितु समाज में भी सकारात्मक बदलाव ला सकें । गर्ल आइकन कार्यक्रम में क्या आप किशोरियों के प्रति अपने समुदाय में बदलाव देखना चाहते हैं क्या आप चुनौती की ओर एक कदम बढ़ाने के लिए तैयार हैं तो आइए गर्ल आइकॉन कार्यक्रम में शामिल हो जाए जहां हम प्रदान करते हैं लीडरशिप ट्रेनिंग मार्गदर्शन और सरकारी योजनाओं




की जागरूकता कैरियर काउंसलिंग यह कार्यक्रम किशोरियों में नेतृत्व क्षमता का विकास करता है उनको जीवन कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करता है और जरूरी सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक करता है पात्रता स्कूल जाने वाले और स्कूल छोड़ चुकी किशोरिया है वार्षिक पारिवारिक आय 100000 से कम हो 12 से 18 वर्ष की आयु की किशोरियों आवेदन कर सकती है आवेदन व चयन प्रक्रिया ऑनलाइन आवेदन पत्र और वीडियो आवेदन ऑनलाइन चयन केंद्र टेलिफोनिक इंटरव्यू के माध्यम से किया जाएगा। वेबसाइट milaanfoundation.org शिव शंकर चौरसिया ने कहा कि यह बालिकाओं की शिक्षा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम है। मनोज कुमार पाल ने कहा इससे ग्रामीण क्षेत्र की वंचित समुदाय की बालिकाएं अत्यधिक लाभान्वित हो सकती है उन्हें इस अवसर का उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन गिरीश श्रीवास्तव गिरीश ने किया। अंत में कार्यक्रम आयोजक संजय उपाध्याय संस्था सचिव / पूर्व अध्यक्ष बाल न्यायालय द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

## शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए देवरिया गांव में आज भी पुलिस तैनात

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शुक्रवार को देवरिया गांव की दलित बस्ती में भीम आर्मी तथा स्वंय सेवी संस्था के सौ से अधिक कार्यकर्ताओं के आने की भनक लगते ही पुलिस के कान खड़े हो गए। बस्ती में एहतियातन शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा ने एक दरोगा तथा 6 सशस्त्र सिपाहियों की तैनाती कर दी है। मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है। गौरतलब है कि देवरिया गांव में 20 मार्च को पुलिस पर रामजियावन व जियालाल के बीच विवादित भूमि पर लगे केले के फल को काटने को लेकर विवाद हो गया था ! सूचना पर पहुंची पीआरवी दोनों पक्षों के लोगों को थाने चलने की बात कही! इसी दौरान आरोप है कि राम जियावन पक्ष के लोगों ने पीआरवी के जवानों पर हमला बोल दिया ! जिसमें हेड कांस्टेबल राजेश यादव व चालक राज बिहारी यादव घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने हेड कांस्टेबल की तहरीर पर 14 तथा जियालाल की पुत्री राधा की तहरीर पर 14 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर 6 महिलाओं तथा दो पुरुषों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय ने भेज दिया था। इसके बाद महिलाओं ने आरोप लगाते हुए बताया कि पुलिस ने उनकी थाने में जमकर पिटाई की थी। पुलिस की पिटाई संबंधी एक वीडियो वायरल होने पर भीम आर्मी सहित स्वयंसेवी संस्था के विनोद गौतम व शेर बहादुर ने देवरिया गांव पहुंचकर घटना की हकीकत की जानकारी किया। जानकारी करने के बाद लोग जिला मुख्यालय वापस लौट गये।

## पति ,ससुर ,सास सहित पांच पर दहेज हत्या का मुकदमा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : के चौरामोहनदास गांव में गुरुवार को घर के कमरे में विवाहिता की सन्दिग्ध ा मौत के मामले में पुलिस ने मायके वालों की तहरीर पर फौजी पति उसके पिता,माता,बड़े भाई व भाभी के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।उक्त गांव के भारत यादव के छोटे पुत्र व सेना में कार्यरत आलोक यादव उर्फ बबलू की पत्नी पूजा की घर के कमरे में दीवार की खूंटी के सहारे शव लटकता पाया गया था।थानाध्यक्ष संतोष कुमार राय की देखरेख में डॉगस्क्वायड व फोरेंसिक टीम के साथ कमरे का दरवाजा धक्का देकर खोल कर शव उतरवाकर पंचनाम कराकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया था।मौके पर मृतका के मायके वालों ने हंगामा करते हुए ससुरालवालों पर दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल व पैसे की मांग करते हुए प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए लिखित तहरीर दी गई थो। गुरुवार देर शाम मृतका के बड़े पिता रामजी यादव निवासी बलुआ लखेसर की तहरीर पर पुलिस ने फौजी पति आलोक कुमार यादव,ससुर भारत,सास अमृता,जेठ कैलाश यादव व जेठानी मीता देवी के विरुद्ध धारा 498ए,304 आइपीसी व 3ध्4डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ में दबिश देना शुरू कर दिया है।

## सखैला गांव में सामुदायिक शौचालय बनाने के लिए ग्रामीणो ने दिया प्रार्थना पत्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर जौनपुर नवगठित नगर पंचायत सखैला गांव के ग्रामीणो ने सामुदायिक शौचालय बनवाने के लिए उपजिलाधिकारी सदर और ईओ नगर पंचायत गौराबादशाहपुर को पत्रक देकर गांव में सामुदायिक शौचालय बनवाने की मांग की है ग्रामीणो का कहना है की नगर पंचायत में गांव जुड़ जाने के बाद भी गांव के कई लोग खुले में शौच को जाते है जिससे गांव में गंदगी का अंबार है गांव की कुल आबादी करीब तीन हजार है मगर गांव में शौचालय की संख्या महज 169 है जिसकी वजह से गांव के कई परिवार खुले में शौच को जाते है ग्रामीणो ने गांव की एक ग्राम समाज की जमीन पर सामुदायिक शौचालय बनवाने की मांग की है प्रार्थना पत्र देने वालो में संतोष सोनकर दिनेश सोनकर अनिल कुमार नेबु लाल बृजेश एवम गुड्डू सोनकर आदि लोग है इस बारे में ईओ अमित कुमार यादव का कहना है कि ग्रामीणो द्वारा भेजा गया प्रार्थना पत्र मिला है जल्द ही सामुदायिक शौचालय का निर्माण करवाया जाएगा।

## हार्ट अटैक से बैंक के सहायक शाखा अकाउंटेंट की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चुंगी चौराहे पर भूमि विकास बैंक के सहायक शाखा अकाउंटेंट की हार्ट अटैक से मौत हो गई। परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। प्रयागराज जिले के हनुमान गंज निवासी दलजीत सिंह (55)मछलीशहर की भूमि विकास बैंक की शाखा में सहायक शाखा अकाउंटेंट के पद पर नियुक्त थे। शुक्रवार सुबह वह आठ बजे रोज की भाँति वह बैंक में पहुंच गए। वह बैंक के अंदर पहुंचे थे कि अचानक सीने में जोर से दर्द होने लगा। कोई कुछ समझ पाता तब तक उन्हें गश्ती आ गई। बैंक के दूसरे कर्मचारी उन्हें तुरंत लेकर एक निजी चिकित्सक के यहाँ ले गए। जहाँ से उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। शाखा प्रबंधक आलोक शर्मा के मुताबिक अभी उन्हें लेकर जिला अस्पताल जा रहे थे कि बीच रास्ते मे ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी उनके परिजनों को दे दी गई है।


## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक


## होली मिलन में काब्य गोष्ठी का आयोजन संपन्न

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : होली मिलन समारोह व काब्य गोष्ठी का आयोजन राम मिलन सालिक राम ज्ञानोदय इंटर कालेज बल्दीराय में आयोजित किया गया। दूर दराज से आए कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर मौजूद श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर




दिया।तहसील बल्दीराय अंतर्गत राममिलन सालिक राम ज्ञानोदय इंटर कॉलेज में होली मिलन समारोह व काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें कवियों ने कविता पाठ किया। कवि पुष्कर सुल्तानपुरी ने पढ़ा–––यूं ख्वाबों में खयालों में यह दिन नासाद करते हैं।मेरा हमदम सलामत हो यही फरियाद करते हैं।हवा का एक झोंका छू के उनको आ जाता।तो हम तसलीम कर लेते,वह हमको याद करते हैं। कवियत्री अखिलेश तिवारी 'डाली' ने अपनी कविता पाठ करते हुए...'कलम मेरी चुभने वाले अल्फाज लिख देती है। कमबख्त सुई भी जख्म सीने का काम करती है।' 'भले आसमा के सितारे नहीं हम। मगर इस जमीन में नकारे नहीं हम।'तो लोग हंसने पर मजबूर हो गए। विनय शुक्ला मंगल ने पढ़ा ...'यह फिल्म अभी तो ट्रेलर है,रोना मत कुछ दिन में कश्मीरी पंडित अपने घर जाएंगे पढा तो लोग तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। कवि रामानंद सागर फैजाबादी अपनी कविता पाठ करते हुए पढ़ा लालू ऐसा नेता नहीं कोई,जिसका उच्च विचार।अपना चारा चरे बेचारा,रबड़ी खाय बिहार।तो लोग हंसने पर मजबूर हो गए। कवि कर्मराज शर्मा तुकांत ने पढ़ा.. गांव गली लरिकन का जमघट ही नहीं रहा।कहां जाएं गोरी जो पनघट ही नहीं रहा पढा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीपी सिंह व संचालन पुष्कर अग्रहरि ने किया।वही होली कार्यक्रम में लोगों ने एक दूसरे से अबीर–गुलाल लगा कर आपसी सद्भाव और प्रेम का संदेश दिया। इसके अलावा कवि अनिल कुमार वर्मा मधुर,पीयूष प्रखर चटक,विकास चौरसिया, रामानन्द सागर आदि कवियों ने काव्य पाठ किया।इस मौके पर विजय बहादुर सिंह,डॉ अवध ेश त्रिपाठी,घनश्याम नारायण खरे,सत्य प्रकाश दुबे,हरि श्याम मौर्य,राज वक्श मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

## खडी ट्रक मे बाइक चालक ने मारी टक्कर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के सिद्धीकपुर गांव के समीप जौनपुर शाहगंज मार्ग पर खड़ी ट्रक में शुक्रवार सुबह बाइक चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए पहुंचाया गया जिला अस्पताल, जानकारी के अनुसार 28 वर्षीय युवक बाइक लेकर जौनपुर से शाहगंज की तरफ जा रहा था जैसे ही वह सिद्धीकपुर के समीप पहुंचा तभी सड़क किनारे खड़ी ट्रक में जाकर भीड़ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया टक्कर की आवाज सुनते ही आसपास के लोग एकत्रित हो गए हैं बाइक चालक की हालत बिगड़ते देख आनन–फानन में ग्रामीणों ने आपातकालीन डायल 108 एंबुलेंस को सूचना देकर बुलवाया और इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना को लेकर जितनी मुंह इतनी बातें सुनने को मिल रही है कुछ लोगों का कहना था कि बाइक चालक कान में ईयर फोन लगाया था और ध्यान भटकने के कारण व ट्रक से जाकर टकरा गया तो वहीं कुछ लोगों का कहना था कि बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रक से टकरा गया।

### 31 मार्च तक किसी भी दशा में अधूरे आवास को करें पूरा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खंड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को सभागार में पंचायत सचिवों की बैठक में कहां की किसी भी दशा में 31 मार्च तक अधूरा आवास पूरा कर लिया जाए। अन्यथा की दशा में संबंधित सचिव के खिलाफ कार्यवाही हेत उच्च अधिकारियों को संसुति की जाएगी । उन्होंने समीक्षा बैठक में कहा कि क्षेत्र के अभी 120 आवास अपूर्ण हैं जिन्हें संबंधित पंचायत सचिव पूरा कराएं। खंड विकास अधि ाकारी ने पंचायत सचिवों को यह भी निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र की खराब हैंडपंपों की सूची तैयार कर उनकी मरम्मत भी कराना सुनिश्चित करें ताकि ग्रामीण अंचल में पेयजल संकट से लोगों को बचाया जा सके । बैठक में दुर्गेश तिवारी, विनय यादव, बृजेश सिंह ,रणजीत सिंह ,अरुण सिंह ,अजय कनौजिया, पूजा सोनी ,निशा यादव आदि लोग मौजूद थे।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

पतझड़ हुए बिना पेड़ों पर पत्ते नहीं आते, कठिनाई और संघर्ष सहे बिना अच्छे दिन नहीं आते।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# पाकिस्तान : सियासी रस्साकशी के बाद बचेगी कुर्सी या जाएंगे इमरान?

मौजूदा प्रसंग में नेशनल एसेंबली के स्पीकर की भूमिका की आलोचना हो रही है। उनसे तटस्थता की उम्मीद थी, पर वह प्रधानमंत्री का खुलेआम समर्थन कर रहे हैं। आज बहुत कुछ उनके रुख पर भी निर्भर करेगा कि वोटिंग होगी या कार्यवाही रद्द कर वह अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के लिए आगे की कोई नई तारीख तय करेंगे। पाकिस्तान में बहुतेरे लोगों का मानना है कि लोकप्रियतावाद की राजनीति ने लोकतंत्र और संसद को कमजोर किया है।

जहां एकजुट विपक्ष अपनी ताकत बताने और 172 का जादुई आंकड़ा दिखाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव पेश करेगा। कुल 342 सदस्यों वाली नेशनल एसेंबली यानी निचले सदन में इमरान खान को अपनी सरकार बचाने के लिए 172 सांसदों का समर्थन चाहिए।

विपक्ष का दावा है कि उनकी, उनके सहयोगी दलों तथा सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) से नाता तोड़ने वाले सांसदों को संख्या इतनी है, जिससे अविश्वास प्रस्ताव आसानी से जीता जा सकता है और सदन के नेता इमरान खान को सत्ता से बाहर किया जा सकता है। विगत आठ मार्च को पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) तथा दूसरी छोटी पार्टियों ने नेशनल एसेंबली के सचिवालय में अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया था।

पाकिस्तान की ताकतवर सेना पहले ही कह चुकी है कि वह इस मामले में तटस्थ रहेगी। सेना की तटस्थता का सुबूत यह भी है कि हाल ही में खैबर पख्तुनख्वा में स्थानीय निकाय के और पंजाब में एक जगह उपचुनाव हुए। दोनों ही जगह पीटीआई सत्ता में है। इन सभी सीटों पर विपक्ष की जीत हुई, और उसने नतीजे का यह कहते हुए स्वागत किया कि पहले की तरह इस बार सेना चुनावों में सरकार की मदद के लिए आगे नहीं आई। जब विपक्ष को यकीन हो गया कि इमरान खान की मदद के लिए सेना हस्तक्षेप नहीं करेगी, तभी उसने अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस भेजा।

फिर सत्तारूढ़ पीटीआई के कुछ सांसदों ने जब पाला बदलते हुए खुलेआम कहा कि वे विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करेंगे, तब सैन्य प्रतिष्ठान ने उन्हें नहीं रोका। इस पर नाराज इमरान खान ने एक रैली में पूछा कि 'तटस्थता' क्या होती है। उन्होंने कहा कि हर आदमी को किसी पक्ष को चुनना पड़ता है। तटस्थ तो सिर्फ जानवर होते हैं। इमरान की इस टिप्पणी पर विपक्ष के अलावा आम लोगों ने भी तीखी प्रतिक्रिया जताई। कुछ सदस्यों द्वारा साथ छोड़े जाने से स्तब्ध इमरान खान ने अपनी सत्ता बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की शरण ली।

उन्होंने अदालत से खरीद–फरोख्त में शामिल बागी सांसदों के वोट न गिनने की अपील की है। उन्होंने अदालत से यह भी पूछा है कि अगर कोई सांसद पार्टी के खिलाफ वोट करता है, तो उसे पूरे जीवन के लिए राजनीति में भाग लेने के अयोग्य करार दिया जा सकता है या नहीं। यह दुखद है कि लंबे मार्शल लॉ से बाहर निकलने और लोकतांत्रिक सरकारों के गठन के बावजूद पाकिस्तान में आज तक चुनी हुई कोई भी सरकार पांच साल साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई है। यहां सबसे लंबी अवधि तक चली सरकार का कार्यकाल तीन साल से कुछ अधिक रहा है।

सिर्फ एक बार न्यायपालिका ने दखल देकर एक सत्तारूढ़ प्रधानमंत्री को पद से हटाया था। ज्यादातर मामलों में तो ताकतवर सैन्य जनरलों ने ही गैर सांविधानिक तरीके से चुनी हुई सरकारों को बेदखल किया। इस बार लगता है कि अविश्वास प्रस्ताव के जरिये इमरान खान को सत्ता से हटा दिया जाएगा, जबकि इससे पहले अविश्वास प्रस्ताव का दांव बेकार गया था। पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो को विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव के जरिये हटाना चाहता था। तब सैन्य प्रतिष्ठान और तत्कालीन राष्ट्रपति ने विपक्ष का समर्थन भी किया था, लेकिन बेनजीर सत्ता में बनी रही थीं।

मौजूदा प्रसंग में नेशनल एसेंबली के स्पीकर की भूमिका की आलोचना हो रही है। उनसे तटस्थता की उम्मीद थी, पर वह प्रधानमंत्री का खुलेआम समर्थन कर रहे हैं। आज बहुत कुछ उनके रुख पर भी निर्भर करेगा कि वोटिंग होगी या कार्यवाही रद्द कर वह अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के लिए आगे की कोई नई तारीख तय करेंगे। पाकिस्तान में बहुतेरे लोगों का मानना है कि लोकप्रियतावाद की राजनीति ने लोकतंत्र और संसद को कमजोर किया है। इस बीच इमरान खान ने अपनी ताकत दिखाने के लिए अपने समर्थकों से 27 मार्च को इस्लामाबाद पहुंचने के लिए कहा है।

चूंकि इस्लामाबाद एक छोटा शहर है और यहां पुलिस बल की क्षमता भी सीमित है, ऐसे में, इमरान के हजारों समर्थकों ने अगर महत्वपूर्ण इमारतों को निशाना बनाना शुरू किया, तो गैर सांविधानिक ताकतों के उसमें शामिल होने की आशंका है। ऐसे दो उदाहरण हैं, जब पीटीआई समर्थकों, यहां तक कि पुलिस ने भी पार्लियामेंट लॉज पर हमला बोला, जहां सांसद और उनके परिजन रहते हैं। इसी तरह हाल ही में पीटीआई कार्यकर्ताओं के एक हुजूम ने सिंध हाउस पर हमला किया, जो सिंध सरकार की संपत्ति है।

विपक्ष ने भी इस्लामाबाद में एक विशाल रैली के आयोजन का एलान किया है। अगर दोनों रैलियों में शामिल लोग एक दूसरे को निशाना बनाएं, तो हालात बेहद खराब हो जाएंगे। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि आज अविश्वास प्रस्ताव पर नेशनल एसेंबली में वोटिंग होगी और रैली आयोजित करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन ऐसा होना मुश्किल लगता है। इमरान खान पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान के तौर पर बेशक बहुत लोकप्रिय रहे हों, पर आज वह खेल भावना भुला चुके हैं और हारे हुए व्यक्ति जैसा बर्ताव कर रहे हैं।

इस्लामाबाद स्थित एक राजनीतिक टिप्पणीकार, जिन्होंने पीटीआई कार्यकर्ताओं की हिंसा देखी थी, कहते हैं, 'इस्लामाबाद स्थित सिंध हाउस में हिंसा और पाला बदलकर अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने वाले राजनेताओं पर हमला गंभीर है। प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकर्ताओं द्वारा हिंसा फैलाने का जिस तरह समर्थन किया, वह हिंसा को बढ़ावा ही देगा। उनकी पार्टी के हित में यही है कि वह इस लड़ाई को संसद के अंदर लड़े, सड़क पर नहीं। सत्तारूढ़ पार्टी हिंसा को बढ़ावा दे और देश को अस्थिरता की ओर ले जाए, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ।'

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# पंखा बना बाप की हत्या का कारण : पुत्र ने अपने पिता की डंडे से पीटकर की हत्या

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : जनपद के गगहा क्षेत्र के कहला निवासी 60 वर्षीय जगदीश घर में रखे पंखे को गुस्से में आकर बुधवार की रात को तोड दिया जिसको लेकर पिता जगदीश व तीसरे नं के बेटे 22 वर्षीय राहुल से वाद विवाद होने लगा किसी तरह परिवार के लोगों ने शांत कराया लेकिन मन के अंदर सुलग रही चिंगारी शान्त नहीं हुई थी सुबह होते ही पुनः पिता पुत्र मे हाथापाई होने लगी पुत्र ने इसकी सुचना 112 नं पर दी मौके पर पहुंची पुलिस ने पिता पुत्र को समझाकर चली आयी करीब 8 बजे पिता ने अपने बेटे राहुल के ऊपर चाकू से वार कर दिया बेटे ने पकड़ लिया लेकिन चाकू गले पर थोड़ी लग गयी छुड़ाने गयी पत्नी को भी धक्का दे दिया गुस्से में आकर पुत्र ने 9.30 बजे लाठी से पीटकर अपने पिता की हत्या कर शव के पास बैठा रहा ग्रामीणों ने इसकी सुचना गगहा पुलिस को दी पुलिस ने आरोपी पुत्र राहुल को गिरफ्तार कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक जगदीश के चार पुत्र हैं दोनों बड़े बेटों प्रेम चन्द व उमेश की शादी हो चुकी है तथा राहुल व रोहित की शादी नहीं हुई है। हत्या रोपी पुत्र राहुल राजस्थान रहता है अभी पन्द्रह दिन पहले ही घर आया था।

# विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 27 तक अपलोड करनी होगी समय सारिणी और उपस्थिति

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजेश सिंह के द्वारा सभी संकायाध्यक्ष , विभागाध्यक्ष , शिक्षकगण एवं समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय के प्राचार्यगण द्वारा अपना – अपना फेसबुक , ट्वीटर , लिंक्डइन एवं इंस्टाग्राम अकाउंट दिनांक 27/03/2022 तक बनाये जाने की अपेक्षा की गयी है । समस्त शिक्षकगण द्वारा बनाये गए उपर्युक्त सोशल मीडिया अकाउंट एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उनके द्वारा पढ़ाये जा रहे पाठ्यक्रम की समय – सारणी , व्याख्यान ( फिजीकल हैण्ड रिटेन , पॉवर प्वाइंट , ऑडियो – वीडियो लेक्चर एवं छात्र / छात्राओं की उपस्थिति ) व अन्य अध्ययन सामग्री प्रतिदिन अपलोड करना है। जिसकी साप्ताहिक मॉनीटरिंग विभाग स्तर पर विभागाध्यक्ष द्वारा एवं संकाय स्तर पर संकायाध्यक्ष द्वारा की जायेगी । साप्ताहिक रिपोर्ट मॉनीटरिंग सेल द्वारा तैयार की जायेगी जो ऑनलाइन सेल में स्थापित होगा । प्रत्येक विभाग द्वारा अपना एक यू – ट्यूब चैनल बनाया जायेगा। जिसका संचालन विभागाध्यक्ष द्वारा प्रस्तावित नोडल अधिकारी द्वारा होगा , जिसपर शिक्षकगण द्वारा प्रतिदिन उपर्युक्त अध्ययन सामग्री अपलोड की जायेगी।

### बैंक सामंजस्य बनाकर लाभार्थियों कोउपलब्ध कराएं ऋण– सीडीओ

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : विकास भवन सभागार में सीडीओ इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में बैंकों को सरकारी विभागों के साथ समंवय बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया डीएलआरसी की बैठक में उन्होंने बैंक प्रायोजित योजनाओं का लक्ष्य शत प्रतिशत हासिल करने को कहा लीड बैंक अधिकारी व आरबीआई लखनऊ से आए हुए संबंधित अधिकारियों से कहा कि बैंक और विभागीय अधिकारी आपसी सामंजस्य बनाते हुये दिए गए लक्ष्यों को शत प्रतिशत पूर्ण करें जिससे सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ हर पात्र के पास पहुंच सके इसमें किसी बैंक द्वारा किसी प्रकार की आनाकानी नहीं की जानी चाहिए आसान प्रक्रिया पूर्ण करते हुए लाभार्थियों को लाभ दिया जाए जिससे लाभार्थी लाभान्वित हो कर अपने कार्यों को आसान तरीके से पूर्ण करने में कामयाब हो सके यह तभी संभव होगा जब पात्र लाभार्थियों को संबंधित बैंक आसान तरीके से लाभान्वित करने के लिए ऋण उपलब्ध कराएंगे अमूमन देखा जाता है कि संबंधित बैंक लाभांश देने में आनाकानी करते हैं और लाभार्थी को समय पर लाभ नहीं मिल पाता है और लाभार्थी बैंकों का इधर–उधर चक्कर लगाने में अपना समय बर्बाद कर देता है बैंक लाभार्थियों को बेवजह परेशान न करें उनको आसान तरीके से ऋण उपलब्ध कराएं जिससे सरकार द्वारा दिए गए लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके और लाभार्थी लाभान्वित हो सके।

# जन उद्घोष सेवा संस्थान के तत्वावधान में आगामी हिंदू नव वर्ष पर निकलेगी प्रभात फेरी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आगामी 3 अप्रैल रविवार को जन उद्घोष सेवा संस्थान के तत्वावधान में तड़ियन मंदिर राजाजीपुरम से जन जागृति एवं जनसंपर्क यात्रा के रूप में एक भव्य प्रभातफेरी का आयोजन हिंदू नव वर्ष के शुभारंभ पर किया जाएगा सनातन परंपरा के अनुसार प्रतिवर्ष हिंदू नव वर्ष का प्रारंभ चौत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है इसी दिन से चौत्र की नवरात्रि का प्रारंभ भी होता है इस वर्ष चौत्र नवरात्रि 2 अप्रैल से प्रारंभ हो रही है। भारतीय सनातन परंपरा में हिंदू नव वर्ष का विशेष महत्व है शास्त्रों के अनुसार सृष्टि के विधाता ब्रह्मा जी ने इसी दिन सृष्टि के सभी लोकों का सृजन किया था और इसी शुभ अवसर पर भगवान विष्णु का मत्स्य अवतार भी हुआ था,भगवान श्री राम और महाराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था विक्रमी संवत का प्रारंभ आज से 2079 वर्ष पूर्व उज्जैन के सम्राट महाराजा विक्रमादित्य ने चौत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही किया था । इस वर्ष 2 मार्च से हिन्दू नववर्ष 2079 का प्रारंभ होगा। संस्थान के संस्थापक व अध्यक्ष कुलदीप तिवारी ने बताया कि संस्थान के द्वारा वर्षों से हिन्दू नववर्ष के दिन ऐसे आयोजनों को किया जा रहा है पूर्व में भी समय–समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन संस्थान के द्वारा किया गया है जिसमें समाज के सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, इस वर्ष भी यह कार्यक्रम आम जनमानस के सहयोग से ही संपादित किया जाएगा। संस्थान के मीडिया प्रभारी पं अनुराग मिश्र ने बताया की प्रभात




फेरी का आयोजन भारतीय जनमानस में अपनी भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक प्रयास है जिससे आम जनमानस भी इस प्रभात फेरी में हिस्सा लेकर अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक हो सके उन्होंने बताया कि इस प्रभात फेरी का आयोजन प्रातः 7:30 बजे तड़ियन मंदिर ई ब्लॉक राजाजीपुरम से प्रारंभ होकर भुइयन देवी मंदिर एफ ब्लॉक पर पूर्ण होगा, तत्पश्चात संस्थान के द्वारा भुइयन देवी मंदिर पर भव्य सुंदरकांड पाठ व आरती का आयोजन किया जाएगा सुंदरकांड पाठ के पश्चात भंडारे का आयोजन भी संस्थान के द्वारा किया जाएगा, उन्होंने बताया कि क्षेत्र के सभी जागरूक नागरिकों को इस कार्यक्रम के विषय में पूर्व में ही सूचित कर दिया गया है जिससे अधिक से अधिक संख्या में लोग इसमें हिस्सा लेकर पुण्य के भागी बने।

## राष्ट्रीय युवा वाहिनी ने किया पदाधिकारियों के पदों में बदलाव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय युवा वाहिनी नेशनल वॉलिंटियर्स भाजपा प्रधान कार्यालय लखनऊ में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की आपात काल बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निष्क्रिय पदाधिकारियों को पद मुक्त करते हुए नए पदाधिकारियों को संगठन की ओर से कार्य करने का मौका दिया गया प्रधान कार्यालय द्वारा एक आदेश जारी किया गया जिसमें मंडल अध्यक्ष मेरठ के पद पर किशन बंटी सागर तथा अलीगढ़ मंडल अध्यक्ष का दायित्व योगेंद्र सिंह राजपूत को दिया गया तथा दोनों ही पदाधिकारियों ने




राष्ट्रीय अध्यक्ष के डी शर्मा को धन्यवाद प्रकट किया।

## खुले में शराब पीने वालों के विरुद्ध चलाया गया अभियान

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा खुले में शराब पीने वालों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी खजनी अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक खजनी मनोज कुमार पांडे मय भारी पुलिस बल के साथ कस्बा खजनी में पैदल गस्त करते हुए खुले में शराब पीने वालों की चेकिंग की गई तो, चेकिंग के दौरान कुल 06 व्यक्तियों को खुले में अवैध रूप से मदिरा का सेवन करते हुए पाया गया । जिन्हें गिरफ्तार किया गया है । इनके विरुद्ध समुचित धाराओं में विधिक कार्यवाही कराई जा रही है।

## एक दिवसीय किसान मेला एवं कृषक गोष्ठी का आयोजन संपन्न

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : फसल अवशेष प्रबंधन योजना अन्तर्गत जनपद स्तरीय एक दिवसीय किसान मेला एवं कृषक गोष्ठी का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई के परिसर पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बावन ब्लॉक के ब्लाक प्रमुख श्री धर्मेंद्र सिंह द्वारा फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ मुकेश सिंह के द्वारा किया गया तथा आए हुए अतिथियों का स्वागत डॉ मुकेश सिंह के द्वारा किया गया । इस अवसर पर अपने संबोधन में ब्लाक प्रमुख जी ने ने कृषकों को बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन आज के परिवेश में अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है तथा यह भी बताया कि किसान भाई अपने फसलो के अवशेष व गोबर को सडा करके खेत में इसका अवश्य प्रयोग करें तथा वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई तकनीकी को अपनाएं एवं आधुनिक युग में उद्यानिकी फसलों को भी लगाएं और खेती से अधिक से अधिक मुनाफा कमाए । केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ रामप्रकाश ने बताया कि फसलों के अवशेष के प्रबंधन हेतु कृषि यंत्रों जैसे मल्चर, सुपर सीडर, रिवेर्सबल प्लॉऊ की मदद् से फसल अवशेष प्रबंधन को अपनाएं तथा मिट्टी की उर्वरता बढ़ाएं और जायद की फसलों पर समसामयिकी जानकारी दी ।कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र हरदोई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ मुकेश सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत तथा फसल अवशेष की अवधारणा के बारे मे विस्तार से बताया । कार्यक्रम में उपस्थित जिला उद्यान अधिकारी द्वारा विभाग से चलाई जाए रहे योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं किसानों को दी जाने वाली अनुदान के बारे में विस्तार से चर्चा किया।कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ डी बी सिंह ने किसान भाई इफको द्वारा तैयार



किया हुआ बायो डी कंपोजर का प्रयोग अपने फसल के अवशेषों को सडाने के लिए करें तथा उद्यानिकी फसलों की समसमायकी की जानकारी दी। डॉ दीपक कुमार मिश्र ने बताया कि फसलों के अवशेष मे विभिन्न प्रकार के पोषक तत्व मौजूद रहते हैं जिनको कभी भी जलाना नहीं चाहिए इसका प्रयोग मिट्टी में सडाकर के मिलाना चाहिए। डॉ दीपक कुमार मिश्र अवशेष प्रबंधन ने येह भी बताया कि फसल का अवशेष ही मिट्टी की असली ताकत है। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ पृथ्वी पाल ने कद्दू वर्गीय सब्जियों की खेती के बारे में विस्तृत चर्चा किया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकास खंडों से लगभग 500 सम्मानित किसान भाई तथा महिलाएं सम्मिलित थी। इस अवसर पर प्रगतिशील कृषक बलवंत कुमार, विक्रम लाल वर्मा, अमर सिंह, अवधेश सिंह, रामबहादुर, हरपाल सिंह, बबलू खान, महा सिंह, श्यामू सिंह, इत्यादि कृषको ने ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम के अन्त मे डॉ दीपक कुमार मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# सपा नेता आजम खान के एक और काले कारनामें का हुआ खुलाशा

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद के चेयरमैन डा0 इफ्तेखार अहमद जावेद ने राज्यपाल और मुख्य मंत्री को भेजे गये पत्र में बताया है कि 240 साल पहले प्रदेश के इकलौते राजकीय मदरसे के भवन और 3 बीघा जमीन को साजिश कर आजम खान ने जौहर ट्रस्ट के नाम पर कर रखा है कब्जा।

### जिलाधिकारी ने जिले के परीक्षा केंद्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ शाहजहाँपुर : जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षाओ हेतु बनाये गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने डॉक्टर सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर कन्या इंटर कालेज का निरीक्षण किया। जहाँ परीक्षा शांतिपूर्वक चल रही थी उसके बाद परीक्षा केंद्र पर बने सीसी टीवी कक्ष को देखा तथा जरूरी दिशा निर्देश देने के बाद इस्लामिया इंटर कालेज में पहुँचने पर देखा कि परीक्षा सकुशल चल रही है । इसके बाद वह अन्य इंटर कालेजों में पहुँचे और परीक्षा कक्षों का सघन निरीक्षण किया । इंटर कालेज में बनाये गए जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया तथा संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी से सतर्क निगरानी के निर्देश दिए ।उन्होंने कहा कि जनपद में नकलविहीन , शुचितापूर्ण परीक्षा कराने को जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। तथा उन्होंने सभी स्टेटिक , सेक्टर व जोनल अधिकारियों को परीक्षा के दौरान लगातार सक्रिय रहने व निरीक्षण के निर्देश दिए। आज से 02 पालियों



में प्रारंभ हुई परीक्षा के लिए जनपद में कुल 129 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें हाईस्कूल के 38250 परीक्षार्थी व इंटरमीडिएट के 32915 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

# एक स्कूल खोलना सौ जेलों को बंद कराने के बराबर होता है– विधायक ताहिर खान

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : तहसील क्षेत्र नंदौली गांव मे वृहस्पतिवार को होली विजन पब्लिक स्कूल का शुभारम्भ रंगारंग कार्यक्रम के किया गया।इसका उद्घाटन इसौली विधानसभा क्षेत्र सपा से नवनिर्वाचित विधायक पूर्व सांसद सदस्य मोहम्मद ताहिर खां व विद्धालय के फाउंडर मेम्बर इंजीनियर निहाल अहमद ने संयुक्त रुप से किया। सबसे पहले कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध गायक कतर रेडियो मे भारतीय भाषाओं की सर्विस दे चुके मोहम्मद मकसूद के द्वारा राष्ट गान गीत से प्रारम्भ किया।इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक ताहिर ने बच्चो व अभिभावको को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज समय बदल चुका है, पढाई के तरीके भी बदल चुके है।नये नये तरीके और संसाधन उपलब्ध है इसमे होली विजन पब्लिक स्कूल ने जो तरीके अपनाई है वो काबिले तारीफ है।उन्होने कहा कि बच्चों को अच्छी तालिम मिलनी चाहिए, ताकि जो बच्चा यहां से निकले वह विद्यालय से लेकर राज्यऔर देश का नाम रोशन करे। शिक्षा संस्थान बहोत जरूरी है एक टाईम खाना कम खाओ लेकिन अपने बच्चों को पढ़ायें जरूर। उन्होने कहा कि इस विद्यालय को जहां भी मेरी जरूरत पड़ेगी मै हमेशा विद्यालय परिवार के साथ खड़ा रहूंगा और उन्होने इलौली विधानसभा क्षेत्र की जनता लगातार भरोसा दिलाया और कहा कि इस क्षेत्र की जनता का मै और मेरी नस्लें हमेशा कर्ज दार रहेगीं आपकी दुआओं और आशीर्वाद से उत्तर प्रदेश की विधानसभा मे बैठने का मौका दिया उत्तर प्रदेश सरकार से योजनाओं को लाने का काम बेहतर ढंग से किया जायेगा कोई पक्षपात नही होगा। विद्यालय के फाउंडर मेम्बर इंजीनियर निहाल अहमद ने कहा कि बच्चो के बेहतर शिक्षा के लिए बेहतर शिक्षक और अभिभावकों का ध्यान बच्चे के उपर जरुरी है। तभी बच्चा उच्चे मोकाम तक पहूच सकता है।इस संबंध मे विद्यालय के मैनेजर मोहम्मद निजाम खान ने वताया कि होली विजन पब्लिक स्कूल नंदौली का उदघाटन हुआ है।इसमे सारी सुविधाए व संसाधन मौजूद है।साथ ही साथ मंच का संचालन कर्मराज शर्मा तथा इम्तियाज खान ने किया ! इस सुनहरे मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित प्रधान श्रीपाल पासी, पूर्व राम चन्द्र यादव, प्रधान जुनैद अहमद डाक्टर जहीर अहमद, विशंम्भर तिवारी, डाक्टर शादाब मुस्तफा, इमरान खान, जहीर आलम, तनवीर आलम, अमानउल्ला खान,सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस ने ग्राम पंचायत रामगढ़ निवासी को लडकी भगाने के आरोप मे पकड कर जेल भेजा है उसके खिलाफ पुलिस ने 363,366 का मुकदमा दर्ज किया था।



मीरगंज थाना के एक गाँव के व्यक्ति ने संजय गौतम पुत्र चौथीराम निवासी रामगढ़ थाना मीरगंज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था जिस पर एक दिन पहले ही लडकी की बरामदगी की गयी थी और उसका मेडिकल कराया गया था आज आरोपी संजय गौतम पुत्र चौथीराम को मीरगंज पुलिस ने बिलरा मोड के पास से शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार किया गिरफ्तार करने वाली टीम मे उप निरिक्षक चन्द्रकेश शर्मा कास्टेबल रणजीत सिह कास्टेबल परमात्मा सिह ने शामिल रहे । थानाध्यक्ष सुरेश कुमार सिह ने बताया की गिरफ्तार युवक को पकड कर जेल भेज दिया गया।

## सुर संगम परिवार की तरफ से होली मिलन समारोह में शामिल हुईं महिलाएं

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले की बहुचर्चित सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था सुर संगम परिवार का होली मिलन समारोह बड़ी धूम धाम से मनाया गया! कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष माया टंडन साथ में पूर्व अध्यक्ष दिनेश टंडन , विशिष्ट अतिथि के रूप में सामजसेवी अशोक सिंह रहे ! होली पर्व भाईचारा एवं समरसता का त्योहार है। इस पर्व पर लोग सारे गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे को गले लगाते हैं। यह बात बुधवार को होली मिलन समारोह की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष माया टंडन कह रहीं थीं। होली मिलन समारोह का आयोजन सुर संगम परिवार द्वारा किया गया। समाजसेवी अशोक सिंह ने कार्यक्रम में कहा कि होली बुराई पर अच्छाइयों की विजय का त्योहार है। हमें इसकी अच्छाइयों से सीख लेनी चाहिए। कार्य्रकम की अध्यक्षता कर रहे रवि श्रीवास्तव ने वहां मौजूद लोगों को होली की बधाई देते हुए कहा कि इस देश के पर्व आपसी प्रेम व सद्भाव के प्रतीक हैं। हमें खुशी है कि यहां पर सभी समुदाय के लोग आए हुए हैं और कार्यक्रम में शिरकत कर रहे हैं। सुर संगम परिवार के लोगो ने जम कर फूलो की होली खेलकर होली के त्यौहार का खूब आंनद उठाया ! संस्था के सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चो का फैशन शो एवं डांस की प्रतियोगिता हुई जिसमें इशिता श्रीवास्तव प्रथम और राजनंदनी शुक्ला ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया ! वहीं सिंगिंग प्रतियोगिता में डॉ संजय श्रीवास्तव ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया ! वेस्ट कपल प्रतियोगिता में भोजपुरी अभिनेता चन्दन सेठ व सुषमा सेठ ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया ! संस्था के सरंक्षक अशोक गुप्ता ने कशिश श्रीवास्तव को शो डांस में प्रथम एवं वेस्ट



कपल में मनीष श्रीवास्तव व निति श्रीवास्तव को फस्ट रनर अप व अमलेंद्र गुप्ता व ममता गुप्ता को सेकेंड रनर अप का पुरस्कार देकर उनका हौशला बढ़ाया ! कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका अजय श्रीवास्तव रिटायर्ड जिला जज एवं अरुणा गुप्ता रही ! संस्था के सरंक्षक आंनद मोहन श्रीवास्तव ने इस दौरान सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। अंत में महिलाओँ ने फूलों की होली खेली तथा फाग व मल्हार गीत गाए। कार्य्रकम का संचालन सिंगर शैली गगन ने किया ! इस अवसर पर गड़तंत्र श्रीवास्तव ,दीपक श्रीवास्तव शिव शंकर साहनी ,अमलेंद्र गुप्ता ,पंकज हैप्पी ,राजेश वेस्टीज ,अनिल शुक्ला ,एसपी सिंह ,शिशिर मौर्या ,दिनेश गुप्ता ,नीरज श्रीवास्तव ,भृगुनाथ पाठक ,डॉ अंजना ,रमेश सिंह , ,लोकेश गुप्ता ,विश्व प्रकाश श्रीवास्तव ,धीरज सिन्हा ,प्रियंका श्रीवास्तव ,मनीष गुप्ता चितरंजन श्रीवास्तव ,अंकित श्रीवास्तव ,दिलीप शुक्ला ,अतुल जायसवाल,संजय गुप्ता आदि लोग उपस्तिथ रहे ! कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों का संस्था के अध्यक्ष पंकज सिन्हा ने आभार जताया!

## विश्व क्षय रोग दिवस पर निकली जागरूकता रैली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र एवम् राष्ट्रीय सेवा योजना विश्वविद्यालय परिसर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में विश्व क्षय रोग दिवस जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी एवम् जनजागरुकता रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा की युवाओं को खुद के साथ–साथ समाज को भी जागरूक करते रहना चाहिए। विश्वविद्यालय क्षय रोगियों के उपचार के लिए सदैव संघर्षरत है। छात्रों को पढ़ाई के साथ साथ सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ रसिकेश ने कहा की छात्रों को खुद पर विश्वास रखना चाहिए की वे खुद के साथ साथ समाज में बदलाव ला सकते हैं। छात्रों को जीवन में ऐसा प्रबंध करना चाहिए की उनका जीवन समाज के लिए हितकर हो। महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक डा जाह्नवी श्रीवास्तव ने कहा कि विश्वविद्यालय ने 66 क्षय रोगियों को गोद लिया था आज विश्वविद्यालय के प्रयास से सभी ठीक हो गए हैं। विश्वविद्यालय के छात्र उद्देश्य सिंह ने कहा की छात्रों को अपने हित के साथ साथ सामाजिक हितों की रक्षा के लिए लड़ते रहना चाहिए। कार्यक्रम सह समन्वयक डॉ रेखा पाल ने




स्वागत व कार्यक्रम सचिव डॉ विनय वर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो वंदना राय, प्रो० अजय द्विवेदी,प्रो० अजय प्रताप सिंह,प्रो देवराज सिंह, डॉ सुनील, डॉ नितेश जायसवाल, डॉ अन्नू त्यागी, डॉ राकेश कुमार यादव, डॉ विजय सिंह, डॉ रजनीश भास्कर, डॉ संतोष, डॉ धीरेंद्र, डॉ मनोज पाण्डेय व परिसर के स्वयं सेवक सुमित सिंह ,प्रिंस त्रिपाठी,अर्पित श्रीवास्तव, आलोक मौर्य, निखिल सिंह, उग्रसेन समेत आदि शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

## कुलपति ने किया आईबीएम परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर में चल रही परीक्षाओं के औचक निरीक्षण में कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने गुरुवार को आईबीएम परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। डॉ रसिकेश केंद्राध्यक्ष के साथ सुशील कुमार, डॉ विनय वर्मा, प्रमेन्द्र विक्रम सिंह, प्रभाकर सिंह ने कुलपति को पूरे परीक्षा कक्ष का निरीक्षण कराया। कुलपति ने सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया और उनकी समस्याएं भी पूछीं। कुलपति ने प्रबंध, विज्ञान, फार्मेसी और विभिन्न संकायों के छात्रों से फीडबैक लिया। कुलपति ने सफाई और मेन्टेनेन्स के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि विश्विद्यालय को स्वच्छ और सुंदर रखें। कुलपति ने निरीक्षण में आई बी एम के सभी तलों की सारी व्यवस्था के साथ–साथ विभागीय पुस्तकालय



का निरीक्षण किया है। श्री इंद्रेश गंगवार ने निरीक्षण करवाया और उन्हें पुस्तकों के रखरखाव के लिए आवश्यक निर्देश दिया।

## टीबी रोग के समूल खात्मे के लिए स्वास्थ्य कर्मियों ने ली शपथ

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)विश्व क्षय दिवस के अवसर पर गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीकापुर अवधेश कुमार सिंह ने सराहनीय पहल करते हुए टीबी रोग से पीड़ित 18 वर्ष से कम उम्र की दो किशोरियों को गोद लेकर उनके इलाज के साथ ही उन्हें इलाज के दौरान प्रत्येक माह पोषक आहार उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी ली। सीएचसी पर आयोजित एक सादे समारोह में अधीक्षक ने दो किशोरियों को पोषक आहार की किट सौंपी। इस दौरान आयोजित एक संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि टीबी रोग का यदि उचित इलाज न किया जाए तो यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। एमओटीओ डॉ सतीश चंद्र ने कहा कि यदि लंबे समय से किसी को खांसी, या सांस लेने में समस्या आ रही है तो उन्हें तुरंत अपने संबंधित नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच करानी चाहिए। वहीं डॉ एसके मौर्य ने कहा कि सभी सीएचसी पर टीबी रोग के इलाज की मुफ्त सुविधा उपलब्ध है। साथ ही सरकार की ओर से प्रत्येक माह इलाज के अवधि तक पांच सौ रुपये पोषक आहार के लिए मरीज के खाते में भेजे जाते हैं। इस मौके पर सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने टीबी रोग के समूल खात्मे के लिए कार्य करने की शपथ ली। संगोष्ठी कार्यक्रम में डॉ अनुराग गुप्ता, डॉ अलंकृता अयान, डॉ सबीना खान, एसटीएस प्रदीप कुमार, एसटी एलएस राकेश सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी देवप्रकाश वर्मा आदि मौजूद थे।

## परिषदीय विद्यालय मे हो रही परीक्षा का बीईओ ने किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर ब्लाक के अभिनव प्राथमिक विद्यालय अदारी मे चल रही परिषदीय परिक्षा का निरिक्षण खण्ड शिक्षा अधिकारी मछलीशहर ने किया है इस दौरान विद्यालय के वातावरण मे उन्होने सन्तोष व्यक्त किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी मछलीशहर पंकज यादव अभिनव प्राथमिक विद्यालय अदारी मे चल रही परिषदीय परिक्षा का निरिक्षण किया इस दौरान उन्होने विद्यालय का माहौल होने से खुशी व्यक्त की। उन्होने कहा की विद्यालय सभी मापदंण पूरा कर रहा है इसलिए यहा के प्रधानाध्यापक व शिक्षक बधाई के पात्र है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक आनन्द प्रकाश सिह अखण्ड सिह सुनीता शशिकला तिवारी हिमांशु मौर्या गिरिजेश शर्मा तथा लक्षमी बिन्द मौजूद रही।

### मछलीशहर में एक मनबढ़ युवक ने वृद्ध व्यक्ति पर चाकू से किया हमला : वृद्ध व्यक्ति हुआ बुरी तरह घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर थाना अंतर्गत क्षेत्र ग्राम थलोई में एक मनबढ़ युवक द्वारा एक वृद्ध व्यक्ति को चाकू घोंप किया गया घायल, बताया जाता है की ग्राम सभा थलोई के मनबढ़ व दबंग युवक सत्यम तिवारी ने एक वृद्ध व्यक्ति जो पेशे से दर्जी हैं जिनका नाम असगर 65 वर्षीय को मामूली बात पर चाकुओं से घोंप कर घायल कर दिया, बीच बचाव करने आए गांव के पोपट को भी घायल कर दिया, धार्मिक दंगे न हो इस लिए घटना से संबंधित मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।। मौके से अपराधी सत्यम तिवारी को पुलिस ने कट्टे के साथ गिरफ्तार कर लिया हैं।

### 25 हजार नकद के साथ जला कई हजार का सामान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली के देवाकलपुर गांव के यादव बस्ती में बीती रात बिजली के शार्टशर्किट से दो लोगों का सारा गृहस्थी का सामान जल कर खाक हो गया। देवाकलपुर गांव निवासी राजकुमार यादव पुत्र गुदरी यादव और प्यारेलाल यादव के मड़हा के उपर से बिजली का 440 बोल्ट का तार गया है रात आठ बजे के करीब लाइन आई तार शार्ट किया जो कि बिजली की चिनगारी गिरने से दोनो लोगो के मड़हे में आग लग गयी जिसमें राजकुमार यादव का एक भैंस एक पड़िया 25 हजार नकद सहित गृहस्थी का सारा सामान जल कर खाक हो गया प्यारेलाल यादव का गृहस्थी का सामान जल कर खाक हुआ है।

### यूपी बोर्ड परीक्षा : पहले दिन घबराहट में दिखे परीक्षार्थी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : यूपी बोर्ड परीक्षा गुरुवार से प्रारम्भ हो गई। इस परीक्षा को नकल विहीन शुचितापूर्ण तरीके से कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह कटिवद्ध है। अखबारों टीवी चौनलों पर लगातार तैयारियों की खबरे तथा अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ रासुका जैसी कार्रवाई करने की घोषणा से लोगों में एक भय का माहौल दिखाई दिया। वहीं परीक्षा प्रारम्भ होने का सही समय न मालूम होने के कारण कुछ विद्यार्थी समय से डेढ़ दो घण्टे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुँच गए। शेरवा स्थित आझू राय इंटर काले के मुख्य द्वार पर साढ़े छ बजे ही सौ से अधिक परीक्षार्थी जुट गए।गेट पर भीड़ जमा होने से बरईपार सिकरारा रोड पर वाहनों की आवा जाही में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।इस सम्बंध में कालेज के चौकीदार शिव कुमार ने बताया कि उन छात्रों को कालेज में बताया ही नहीं गया था कि परीक्षा का समय सबेरे 8 बजे से सवा ग्यारह तक निर्धारित है। पहले प्रवेश पत्र के साथ ही परीक्षा की समय सारिणी भी विद्यालयों से मिलती थी अब वैसा नहीं होता इस लिए परेशानी हुई। दूसरी ओर प्राथमिक शिक्षकों की कक्ष निरीक्षक के लिए आन लाइन ड्यूटी लगने से कुछ लोगों को तीस चालीस किमी दूरी तय करनी पड़ी जिसके लिए भोर में 4 बजे से ही तैयारी करनी पड़ी।शिक्षक सुरजीत सिंह बताते हैं कि उमकी ड्यूटी 35 किमी दूर जिले के प्रतापगढ़ बॉर्डर पर लगी है। बहुत जल्दी करने के बाद भी वे डेढ़ घण्टे बाइक पर सफर करते हुए निर्धारित केंद्र पर पहुँचे।पहले आस पास के 10 किमी की परिधि में ही ड्यूटी लगती थी।इस बार ऐसा नही हुआ।

## ससुर नें बहु के रिश्ते को किया कलंकित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के एक गांव मे ससुर के गंदी आदतों से तंग बहू ने ससुर का गुप्तांग मे दांत काट लिया जिससे उसकी हालत गम्भीर हो गई ।मौके पर पहुंची पुलिस प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र ले आई हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना बीती रात 12 बजे की है।घर मे बहू और ससुर ही रहते है।पति गुजरात मे रहकर एक कम्पनी मे काम करता है।आरोप है कि बुद्धवार की रात 12 बजे बहू को अकेला पाकर ससुर छेड़खानी करने लगा जिस पर बहू ने बीचबचाव किया।ससुर की गंदी नियत को देखकर बहू छेड़खानी का विरोध करने लगी लेकिन वह माना नही ।ससुर के जोर जबरदस्ती से थक हार कर बहू ने ससुर के गुप्तांग मे कई बार दात कांट लिया जिससे ससुर छटपटाने लगा और जोर जोर से चिल्लाने लगा ।गांव के लोग इकट्ठा हुए तो बहू ने ससुर की हैवानियत की कहानी बयान की तो किसी ने घटना की जानकारी 102 नम्बर पुलिस को दी वह मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली ।लहूलुहान स्थित मे घायल अधेड़ को फौरन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे भर्ती कराया गया ।हलत गम्भीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ।इस बाबत रात्र कालीन ड्यूटी पर तैनात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर राम विजय ने बताया कि अधेड़ का गुप्तांग काफी क्षतिग्रस्त हो गया था बेहतर उपचार के लिए जौनपुर रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष सदानंद राय से इस सम्बंध मे बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि मामला मेरे संज्ञान मे नही आया है। अगर आता है कार्यवाही की जाएगी। ससुर के द्वारा बहु के साथ किये गये इस गंदी हरकत की चर्चा क्षेत्र में हो रही है कि ससुर नें बहु के रिश्ते को कलंकित करनें का काम किया है।

### बोलेरो की चपेट में आने से 23 सी गेट का बूम टूटा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रेलवे स्टेशन श्री कृष्णा नगर के पश्चिम स्थित गेट संख्या 23 सी का बूम बोलेरो की चपेट में आने से टूट गया। स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार यादव ने बोलेरो चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। घटना गुरुवार 12:31 की है। लखनऊ से वाराणसी जा रही 1232 8 डाउन पैसेंजर एक्सप्रेस के लिए गेट नंबर 23 सी का गेटमैन अंकित गेट बंद कर रहा था ! इसी दौरान महाराजगंज की ओर से बदलापुर की तरफ जा रही बोलोरो जोरदार धक्का मारते हुए भागने में सफल रही। बोलेरो की टक्कर से गेट का बूम टूट गया। घटना की जानकारी गेटमैन ने स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार यादव को दिया। स्टेशन अधीक्षक ने आरपीएफ में मुकदमा पंजीकृत कराया है। सहायक बूम लगाकर ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

## दुष्कर्म पीड़ित बालिका के इलाज व शिक्षा का भार उठाएंगे समाजसेवी हरिओम तिवारी

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) राम नगरी अयोध्या में बिगत दिनों 5 वर्षीय मासूम बालिका के साथ हुई हैवानियत से आहत जिले के दिग्गज समाजसेवी हरिओम तिवारी ने दैनिक जागरण को फोन के जरिए बताया की लड़की के इलाज में जो भी खर्चा आएगा उसको वे स्वयं वाहन करेंगे तथा पीड़ित परिवार को अंतिम सांस तक न्याय दिलाने के लिए चाहे आंदोलन करना पड़े अथवा मुख्यमंत्री से मिलकर निवेदन करना पड़े बालिका के परिवार को हर स्तर पर सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। हरिओम तिवारी ने बताया मामला बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है उसे हर हालत में न्याय मिलना ही चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार ने यदि मौका दिया तो बच्ची को प्रतीकात्मक रूप से गोद लेकर उसकी शिक्षा–दीक्षा अयोध्या जनपद के सबसे अच्छे स्कूल में करवाएंगे बालिका के इंटर तक की पढ़ाई के लिए जितना भी खर्चा आएगा उसे वह स्वयं वाहन करेंगे।हरिओम तिवारी के इस निर्णय से जनपद वासियों में हर्ष का माहौल है।

## पीयू के शिक्षकों में ऊर्जा की कमी नहीं : कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना हेतु शासन से अनुदान स्वीकृत हुआ। कुलपति सभागार में गुरुवार को अनुदान पाने वाले छह शिक्षकों और रिसर्च डेवलपमेंट ग्रांट पाने वाले शिक्षकों को भी कुलपति ने सम्मानित किया। इस अवसर पर गेट और जैम परीक्षा पास करने छह विद्यार्थी सम्मानित हुए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक ऊर्जावान है, इसी का नतीजा है कि प्रदेश स्तर पर विश्वविद्यालयों में जो भी सुविधाएं मिल रही हैं उसे लेने में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शिक्षक अव्वल हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि शिक्षक सम्मानित पद होता है लेकिन इस सम्मान का मतलब उसके मनोबल को बढ़ाना है साथ में ही वे शिक्षक जो इस दिशा में प्रयास नहीं कर रहे हैं उनके लिए प्रेरणा का काम करता है। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रो. वंदना राय, प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) संस्थान के निदेशक प्रो. देवराज सिंह, प्रबंध संकाय के संकाय अध्यक्ष प्रो. अविनाश पाथर्डीकर तथा प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) संस्थान स्थित वैकल्पिक ऊर्जा शोध केंद्र के विभागाध्यक्ष डॉ धीरेंद्र कुमार चौधरी है। इसके पूर्व 2020–21 का सम्मान पाने वाले डॉ. मनोज मिश्र और डॉ. आशुतोष सिंह को भी सम्मानित किया गया। रिसर्च डेवलपमेंट ग्रांट के लिए प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. वंदना राय, डॉ.अमरेंद्र सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रतिभा



और संभावनाओं की कमी नहीं है। हमें रोल मॉडल बनने की जरूरत है ताकि अन्य विश्वविद्यालय हमसे प्रेरणा लें। समारोह का संचालन प्रो. मानस पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अजय द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर प्रो. बी.बी.तिवारी, प्रो. अजय प्रताप सिंह, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, सहायक कुलसचिव अमृत लाल, बबिता सिंह, डॉ.संदीप कुमार सिंह, डॉ.संतोष कुमार, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ.रसिकेश, डॉ. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, एनएनएस समन्वयक डॉ. राकेश यादव, डॉ. मुराद अली, डॉ.नुपूर तिवारी, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ.धर्मेंद्र सिंह, डा. द्विवेन्दु मिश्र, डॉ. मनोज कुमार पांडेय, डॉ सुनील कुमार, डॉ. नीतेश जायसवाल, डॉ.प्रमोद कुमार, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. मंगला प्रसाद यादव, अन्नू त्यागी, डॉ. सौरभ सिंह आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## जनपद के 2,357 क्षयरोगियों को लिया गोद, सुधारेंगे सेहत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विश्व क्षय रोग दिवस पर जिला क्षय रोग चिकित्सालय परिसर से मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने वर्ष 2025 तक जनपद को क्षयरोग से मुक्त कराने की विभाग के साथ शपथ दिलाते हुए प्रतिज्ञा भी ली। इसके साथ ही सिटी मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल ने क्षय मुक्त के लिए सभी को एक जन आंदोलन के माध्यम से इस कार्यक्रम में जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान शिल्पी कठपुतली कला केंद्र प्रतापगढ़ ने कठपुतली नृत्य के माध्यम से क्षयरोग के प्रति लोगों को जागरूक किया। सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह ने सिटी मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल की उपस्थिति में जनपद की 21 स्वयंसेवी संस्थाओं को विभिन्न ब्लाकों के क्षय उपचाराधीनों की सूची सौंपी। क्षय रोग उन्मूलन अभियान के जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) सलिल यादव ने बताया कि वर्तमान में जनपद में 18 वर्ष तक के 309 बच्चे, 18 वर्ष के ऊपर के 1,188 पुरुष, 18 वर्ष से ऊपर की 726 महिला तथा मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट (एमडीआर) के 134 रोगी उपचाराधीन हैं। इस तरह देखा जाए तो कुल 2,357 क्षय रोगियों को विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं ने गोद लिया है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अभी तक के समस्त उपचाराधीन क्षय उपचाराधीनों (2,357) को गोद लेने की व्यवस्था की गई है। अभियान के दौरान खोजे जाने वाले नए क्षय रोगियों के भी गोद लेने की व्यवस्था की जाएगी। गोद लेने वाली संस्थाओं को उनकी पत्रावली हस्तांतरित की गई। उनके बताया कि गोद लेने वाली संस्थाएं क्षय रोगियों को अपने स्रोतों से न्यूनतम छह माह अथवा उपचार की अवधि तक पौष्टिक आहार प्रदान करेंगी । यह पौष्टिक आहार प्रत्येक माह पोषण किट के माध्यम से क्षय रोगियों को दिया जाएगा। प्रत्येक किट में मूंगफली (एक किलो), भुना चना (एक किलो), गुड़ (एक किलो), सत्तू (एक किलो), तिल या गजक (एक किलो) तथा अन्य न्यूट्रीशनल सप्लीमेंट एक किलो दिए जाएंगे। संस्थाएं सम्बंधित क्षय रोगियों को भावनात्मक सहयोग भी देंगी। उन्हें डाट्स के माध्यम से दी जा रहीं दवा बिना अंतराल किए पूरे उपचार तक खाने के लिए प्रेरित करेंगी। डीपीसी सलिल यादव ने इस मौके पर क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। बताया कि जनपद की सम्पूर्ण जनसंख्या के मध्य व्यापक क्षयरोगी खोज के लिए घर–घर अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से चलेगा जिसके तहत आशा कार्यकर्ताओं की टीम बनाकर जिले के 158 हेल्थ वेलनेस सेंटर के माध्यम से क्षय रोगियों को खोजेंगी। खोजे गए क्षय रोगियों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर नियुक्त कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) के सम्पूर्ण पर्यवेक्षण में उपचार, फालोअप, जांच, डीबीटी एवं अन्य पब्लिक हेल्थ एक्शन सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान में जनपद की कुल जनसंख्या के सापेक्ष कुल 6,723 सम्भावित मरीजों का बलगम परीक्षण




करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में जनपद के सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ) सहित राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन डॉ सुशील कुमार अग्रहरी ने किया। पंजीकरण की स्थिति और डीबीटी के आंकड़े : सलिल यादव ने बताया कि वर्ष 2020 में 6,239 क्षय रोगियों का पंजीकरण हुआ है, जिसमें से 4,267 सरकारी अस्पतालों से तथा 1,972 निजी अस्पतालों से हुआ है। वर्ष 2021 में 6,569 क्षय रोगियों का पंजीकरण हुआ जिसमें से 4,644 सरकारी अस्पतालों से तथा 1,925 निजी अस्पतालों के मरीज थे। 14 वर्ष तक के बच्चों का वर्ष 2019 में 346, वर्ष 2020 में 275 तथा वर्ष 2021 में 272 पंजीकरण हुआ। इस तरह से इन तीन वर्षों में 893 क्षय रोग ग्रसित बच्चों का पंजीकरण हुआ। निक्षय पोषण योजना के तहत वर्ष 2018 में 19.60 लाख रुपए, वर्ष 2019 में 88.77 लाख रुपए, वर्ष 2020 में 2. 10 करोड़ रुपए तथा वर्ष 2021 में 1.74 करोड़ रुपए उपचाराधीन मरीजों के खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के तहत भेजे गए हैं। इस तरह से इन चार वर्षों में करीब 4.92 करोड़ रुपए डीबीटी के माध्यम से भेजे जा चुके हैं। गोद लेने वाली संस्था ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति ने बदलापुर ब्लाक क्षेत्र में 45 क्षय उपचाराधीनों को गोद लिया है। समिति की अध्यक्ष अंजू सिंह ने कहा कि मुझे मानव सेवा की सीख अपने माता और पिता से मिली है। मैं अपने को बड़ा ही धन्य मानती हूं कि मुझे इन क्षय रोगियों की सेवा करने का अवसर मिल रहा है। पूरा प्रयास रहेगा कि इन रोगियों की दवा और जांच नियमित रूप चलती रहे। इसके साथ ही टीबी मरीजों को हर महीने मूंगफली, चना, गुड़, सत्तू, सोयाबीन, समेत न्यूट्रिशिनल सप्लीमेन्ट मिलता रहे। गोद लिए गए बरवा मछलीशहर की फरहत जहां अंसारी (27) का चार फरवरी से इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें आज इस बात की खुशी है कि जब सब लोग मेरा इतना ध्यान देंगे तब तो मैं और जल्दी ही स्वस्थ हो जाऊंगा। मेरी तरफ से क्षयरोग उन्मूलन के लिए प्रयास कर रही टीम को मेरा धन्यवाद। सेनेटरी पैड बांटाः रेडक्रॉस सोसायटी ने शहरी क्षेत्र के 40 उपचाराधीनों को गोद लिया है। संस्था की ओर से कुंवर हरवंश सिंह पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट से कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहीं 50 छात्राओं को संस्था के सचिव डॉ मनोज कुमार वत्स ने सेनेटरी पैड, साबुन, टूथब्रश और टूथपेस्ट का वितरण किया।

## आधार कार्ड संशोधन में हो रही जबरदस्त लूट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के चंदवक बाजार में आधारकार्ड संशोधन करने के लिये ग्राहकों से डेढ़ सौ से ढाई सौ रुपये तक लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।इस मामले में संबंधित विभाग भी चुप्पी साधे है जब कि यह नाजायज वसूली का मामला पिछले कई महीनों से चल रहा है। यह मामला तब सामने आया जब एक विद्यालय पर संशोधन हेतु लिए जा रहे पैसे को लेकर जानकारी लेने एक पोर्टल पत्रकार पहुँच गया तो वहाँ उपस्थित सभी के कान खड़े हो गए और उक्त पत्रकार का विरोध भी किये।जब की विद्यालय पर सभी बच्चो का निःशुल्क तो हो रहा था लेकिन वहां पहुँच रहे अन्य ग्राहकों से मोटी रकम की वशूली हो रही थी।

# हम हर संभावित चुनौती के लिये हमेशा है तैयार – मनोज मुकुंद नरवणे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या के डोगरा रेजिमेंट के शताब्दी समारोह में गुरुवार को उत्साह, शौर्य व सम्मान का अद्भुत संगम दिखा।जमेदार लाला परेड ग्राउंड में परेड की सलामी लेने और रेजिमेंट को निशान प्रदान करने के बाद सैन्य अधिकारियों व सैनिकों को संबोधित करते हुए थल सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने कहा कि भारतीय सेना सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और हम हर संभावित चुनौती के लिए तैयार हैं। नए हथियार और आधुनिक उपकरणों से सेना की क्षमता में निरंतर वृद्धि हो रही है।इस मौके पर थल सेनाध्यक्ष ने नवगठित इकाइयों को उनकी सेवा के शुरुआती चरणों में शानदार प्रदर्शन के लिए बध ााई भी दी। उन्होंने 20 व 21 डोगरा के सभी रैंकों और परिवारों को अपनी शुभकामनाएं दी और उन्हें भारतीय सेना की शानदार छवि के अनुरूप राष्ट्र की सेवा करने के लिए कहा।उन्होने मीडिया से बातचीत के दौरान यह भी बताया कि एक आधुनिक और पेशेवर भारतीय सेना को अपने रास्ते में आने वाली किसी भी चुनौती के लिए हमेशा तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि डोगरा रेजिमेंट का इतिहास पराक्रम से भरा है और आजादी के पूर्व व बाद के प्रत्येक युद्ध में इस रेजिमेंट ने शौर्य–साहस का उदाहरण पेश किया है।सेना प्रमुख ने इस स्वर्णिम इतिहास का श्रेय उन वीरों को दिया है, जिन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर तिरंगे पर आंच नहीं आने दी।उन्होंने कहा, डोगरा रेजिमेंट



की गौरव–गाथा, युद्ध कौशल अनेक बैटिल आनर, गैलेंट्री अवार्ड अपूर्व रण–कौशल और अदम्य साहस का प्रतीक है। इस दौरान थल सेना अध्यक्ष ने रेजिमेंट के कुछ जवानों को मेडल दे सम्मानित भी किया।इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी नितीश कुमार व एसएसपी शैलेश पांडेय भी मौजूद रहे।डोगरा रेजिमेंट बड़ी संख्या में वीरता पुरस्कारों के साथ इन्फैंट्री की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी रेजिमेंटों में से एक है। डोगरा रेजिमेंट को स्वतंत्रता के बाद 11 युद्ध सम्मानों से सम्मानित किया गया है, जिसमें 1 अशोक चक्र, 9 महावीर चक्र, 11 कीर्ति चक्र, 58 शौर्य चक्र और 39 वीर चक्र शामिल हैं। रेजिमेंट को 23 पूर्व स्वतंत्रता संग्राम सम्मानों से भी सम्मानित किया गया है,जिसमें 3 विक्टोरिया क्रॉस और 43 सैन्य क्रॉस शामिल हैं।

## अव्यवस्था के चलते जमीन पर बैठकर परीक्षा देने को मजबूर छात्र

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता) परिषदीय विद्यालयों में संसाधनों के नहीं होने की वजह से छात्रों को जमीन पर बैठकर परीक्षा देनी पड़ रही है।मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के सभी परिषदीय विद्यालय की वार्षिक परीक्षा के तीसरे दिन कक्षा तीन में प्रथम पाली हिंदी व द्वितीय पाली अंग्रेजी तथा कक्षा 4 ,कक्षा5 ,कक्षा 6, कक्षा 7, कक्षा 8 में प्रथम पाली सामाजिक विषय द्वितीय पाली अंग्रेजी की परीक्षाएं हुईं।मिल्कीपुर, हैरिंग्टनगंज व अमानीगंज शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक स्कूलों की हालत खराब है। कहीं बिल्कुल भी फर्नीचर नहीं है तो कहीं थोड़ा बहुत फर्नीचर है जो बच्चों के लिए नाकाफी है।इसी कारण पूर्व माध्यमिक विद्यालय मसेढ़ा व प्राथमिक विद्यालय चितौरा के बच्चों को कमरों में सीट पर बैठने की जगह नहीं मिल सकी, जिससे मजबूरन जमीन पर बैठकर बच्चों ने परीक्षा दी। प्राथमिक विद्यालय गोकुला पथरी में 178 छात्र छात्राओं के नाम अंकित है, जिसमें से आज 175 छात्र–छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र की कम्पोजिट विद्यालय तेंधा नकुल 145 के सापेक्ष 132 विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं । वहीं कम्पोजिट विद्यालय गोकुला 320 के सापेक्ष 285 विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं ।कक्षा 6 से 8 तक छात्र छात्राएं टेबल पर बैठकर परीक्षा दे रहे हैंध। वहीं प्राथमिक विद्यालय के बच्चे टाट पट्टी पर बैठकर परीक्षा दे रहे हैं।वही विद्यालय के अध्यापक बच्चू लाल, विवेक चंद, विजय सिंह का कहना है कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय में टेबल की व्यवस्था शासन स्तर से की गई है। प्राथमिक विद्यालयों में अभी टेबल की व्यवस्था नहीं की गई है। जिसके चलते प्राथमिक पाठशाला के छात्र–छात्राएं टाट पट्टी पर बैठकर परीक्षा दे रहे हैं।इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी अमानीगंज संजय गुप्ता से जब जानकारी चाही गई उन्होंने कहा कि शासन स्तर से ही अभी प्राथमिक पाठशालाओं को टेबल की व्यवस्था नहीं कराई गई है। इस बार शासन टेबल की व्यवस्था कराने जा रहा है टेबल की व्यवस्था ना होने के चलते छात्र टाट पट्टी पर बैठकर परीक्षा दे रहे हैं।

# शोषित वंचित पीड़ित समाज एवं देशहित की लड़ाई को अंतिम सांस तक लडूंगी–अर्चना तिवारी

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)रामनगरी की मासूम बच्ची को न्याय दिलाने के लिए सड़क पर उतरी समाजसेवी अर्चना तिवारी ने बताया कि अयोध्या की गुड़िया के साथ जिन दरिंदो के द्वारा दुराचार किया है उस गुड़िया को न्याय दिलाने के लिए मैं आवाज उठा रही थी तो उल्टे नगर कोतवाल देवेंद्र सिंह सत्ता की हनक में दोषियों के ऊपर कार्यवाही न करके मेरी आवाज दबाने का कार्य कर रहे है।नगर कोतवाल देवेंद्र सिंह घर आ कर मुझसे मेरी पति से बदतमीजी से बात करते है मेरा हाथ पकड़ते है जेल में डालने की, मुकदमा लिखने की,हाथ पैर तोड़ने की धमकी देते है।लेकिन मैं डरने वाली महिला नहीं हूं सत्य की लड़ाई अंतिम सांस तक लडूंगी,लोकतंत्र में सभी को आवाज उठाने का अधि ाकार है।लेकिन आज पुलिस प्रशासन लोकतंत्र को खत्म करने पर अमादा है। अगर लोकतंत्र को बचाना है शोषित वंचित पीड़ित को न्याय दिलाना है तो फिर देश वीरांगना आहुति मांग रही है यह मेरी मातृभूमि इसके लिए मैं मेरे पति और मेरे दोनों बच्चे अपनी आहुति देने के लिए तैयार है 25 तारीख को 7:00 बजे रात्रि से 7:10 तक घर की लाइट बंद करके अयोध्या गुड़िया को न्याय मिले लोकतंत्र बचे शोक दिवस के रूप में मनाऊंगी 26 मार्च को मैं और मेरे पति और मेरे बच्चे अपने अंग का दान करेंगे की मौत आने के बाद हमारा अंग किसी जरूरतमंद के काम आए 26 मार्च को प्रशासन सद्बुद्धि महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा 27 मार्च को जिले के प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं से वार्तालाप की जाएगी और उन से निवेदन किया जाएगा कि आप समाज को जागरूक करें देश हित की लड़ाई करने वाले समाजसेवी और आम जनता के साथ पुलिस किस एक्ट के तहत किस तरह की वार्तालाप करे,28 मार्च को पूरे परिवार के साथ जिला प्रशासन और देवेंद्र सिंह को अपनी पूरी प्रॉपर्टी लिखित तौर पर दे दूंगी। अंतिम सांस तक देश हित समाज शोषित वंचित पीड़ित की आवाज बुलंद करती रहूंगी और मृत्यु उपरांत भी हमारे शरीर का अंग समाज के काम आएगा।

# पांच साल में बनी नींव पर अब बुलंद इमारत : अमित शाह ने बताया योगी सरकार का टारगेट

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन के चुने गए 273 विधायकों ने योगी आदित्यनाथ को विधायक दल का नेता चुनकर अगले मुख्यमंत्री के तौर पर उनके नाम पर मुहर लगा दी है।पर्यवेक्षक के तौर पर इस बैठक में मौजूद रहे गृहमंत्री और बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह ने योगी की नई सरकार का रोडमैप भी पेश किया।उन्होंने कहा कि पिछले 5 साल में जो नींव रखी गई है उस पर अब एक बुलंद इमारत बनानी है। यूपी को अब उसका खोया गौरव दिलाना है, जल्द से जल्द यूपी को नंबर एक की अर्थव्यवस्था बनाना है। उन्होंने इस दौरान परिवारवाद, जातिवाद और प्रशासन के राजनीतिकरण का आरोप लगाते हुए समाजवादी पार्टी पर निशाना भी साध ाा।शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास की नींव डालने का काम जो 5 साल में हुआ है, आगे के 5 साल यूपी को खोए हुए गौरव को वापस दिलाने का है और यूपी को नंबर एक बनाने का है। यहीं से शुरू होती है बदलाव की यात्रा। यहीं से शुरू होती है विकास की यात्रा। यहीं से शुरू होती है नींव पर समृद्धि की बुलंद इमारत बनाने की यात्रा। गरीब और युवाओं के और छोटी बच्चियों की आशाओं को पूरा करने की यात्रा। इसे सभी विधायकों को योगी जी के नेतृत्व में पूरा करना है।

# अयोध्या पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठने लगा सवाल

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले की कोतवाली अयोध या और रौनाही थानों की पुलिस की कार्यप्रणाली से पुलिस की निष्पक्ष कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं।विगत सप्ताह जिले की कोतवाली अयोध्या और कोतवाली रौनाही थाने के अंतर्गत घटी दो घटनाएं इसका आइना दिखा रही है। जहां पर पुलिस निष्पक्ष रुप में कार्रवाई ना करके या तो दबाव में पड कर दुष्कर्म के आरोपियो पर पकडने और पीड़िता और उसके परिजनो के इशारा करने के बाद भी कार्यवाही नही कर रही है,दूसरे मामले मे किसी लाभ के चक्कर में पढ़कर दोनों पक्षों की क्रास एफ आई आर दर्ज करके मामले को कमजोर करने की कोशिश कर रही है।पुलिस ने अयोध्या की एक 7 वर्षीय मासूम बालिका के साथ दुष्कर्म के आरोपियों में से दो आरोपियों को छोड़कर एक आरोपी को जेल भेजने पर जहां सवाल उठ रहा है, वहीं पर रौनाही थाने के 11वीं कक्षा के छात्र अनुभव पांडे के साथ जानलेवा हमले की घृणित घटना पर कार्रवाई एफ आई आर दर्ज होने के बाद भी ना करके दूसरे पक्ष की भी क्रास एफ आई आर दर्ज करके मामले को कमजोर करने की कोशिश में पुलिस की निष्पक्ष कार्रवाई पर सवाल उठा दिया है।जबकि दोनों मामलों में प्रतिदिन समाज के विशिष्ट लोगों द्वारा विरोध दर्ज कराए जा रहे हैं परंतु साक्ष्य संकलित करने कार्रवाई करने का आश्वासन देकर पुलिस इसे ठंडे बस्ते में डाल रही है।जबकि समाज के जागरूक लोगों द्वारा इन घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई करने की मांग पुलिस के बरिष्ठ अधिकारियो से प्रबलता से उठाई जा रही है। बल्कि देखा यह जा रहा है कि कोतवाली अयोध्या की पुलिस खींझ मिटाने के चक्कर में नाबालिग बालिका के साथ खड़े समाज के जागरूक लोगों के साथ बदतमीजी करके विरोध को दबाने का काम कर रही है जो इस लोकतंत्र में अति निंदनीय है।

# पीड़ित ने हल्का लेखपाल पर लगाया भू–माफियाओं से मिलीभगत का आरोप

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) इस समय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जहां सरकारी भूमि से भूमाफियाओं का अवैध कब्जा बुलडोजर द्वारा ढहाया जा रहा है,वहीं दूसरी ओर अयोध्या जिले के मिल्कीपुर तहसील अन्तर्गत कुमारगंज थाना क्षेत्र के केशवपुर चिलबिली गांव में क्षेत्रीय लेखपाल की मिलीभगत से भूमाफियाओं द्वारा सरकारी भूमि पर पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफियाओं के विरुद्ध एसडीएम व डीएम सहित एंटीभूमाफिया पोर्टल पर शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की गई है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुमारगंज थाना क्षेत्र के केशवपुर चिलबिली गांव स्थित गाटा सं०147ध 0.100 हे० व 143ध0.080 हे० जो सरकारी अभिलेखों में नवीन परती भूमि दर्ज है। उक्त नवीन परती की भूमि पर बीते 7 मार्च को गांव के ही प्रधान सहित उनके सहयोगी गुर्गो द्वारा पक्का निर्माण किया जाने लगा तो गांव के कुछ लोगों द्वारा उक्त घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल मनोज चौरसिया को फोन द्वारा कई बार दी गई।आयो के मुताबिक लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल मनोज चौरसिया द्वारा भूमाफियाओं पर कार्रवाई तो दूर रही घटनास्थल तक जाने की जहमत मोल नहीं ली। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि लेखपाल सरकार विरोधी नीतियों के अन्तर्गत कार्य करते नजर आ रहे हैं क्योंकि सरकार की मंशा के अनुरूप सरकारी भूमि पर कब्जा करना व करवाना दोनों ही दंण्डनीय अपराध है। अवैध कब्जा किए जाने का मामला जब सोशल मीडिया व समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ और ट्यूट किया गया तो स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर रोक दिया।केशवपुर चिलबिली गांव निवासी विजय कुमार सिंह



ने एसडीएम मिल्कीपुर, डीएम अयोध्या सहित एंटीभूमाफिया को बीते 7 मार्च को शिकायती पत्र देते हुए अवैध कब्जे को तत्काल रोके जाने तथा सरकारी भूमि पर पक्का निर्माण करने वाले भूमाफियाओं केशवपुर चिलबिली गांव निवासी प्रधान रवि सिंह पुत्र शिवप्रताप, सुभाष सिंह, शिवप्रताप सिंह पुत्रगण रनबहादुर सिंह,अनिल पुत्र जगदीश व मिक्कूलाल पुत्र कन्हैया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की थी। लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल के दबंगई के चलते भूमाफियाओं पर दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी नहीं कार्यवाही नही हुई।इस संबंध में पीड़ित विजय कुमार सिंह ने बताया कि उक्त भूमाफियाओं को क्षेत्रीय लेखपाल मनोज चौरसिया का संरक्षण प्राप्त है जिसके कारण ग्राम प्रधान द्वारा उक्त घटना को अंजाम दिया गया। क्षेत्रीय लेखपाल मनोज चौरसिया ने बताया कि सरकारी भूमि पर दबंगों द्वारा कराए जा रहे अवैध निर्माण को रूकवा दिया गया है लेकिन अभी दबंगों पर कोई अन्य वैधानिक कार्रवाई नहीं की गई है।

## अब लाभार्थी लोकपाल मनरेगा के समक्ष शिकायत दर्ज करा सकेगे

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम के अधीन बनायी गयी योजनाओं के क्रियान्वयन से सम्बन्धित शिकायतों के निवारण तथा परिवादों के निस्तारण के लिए लाभार्थी अथवा कोई व्यक्ति लोकपाल मनरेगा के समक्ष शिकायत दर्ज करा सकता है। लोकपाल मनरेगा कार्यालय, विकास भवन, तृतीय तल अयोध्या में स्थित है। उक्त जानकारी देते हुए लोकपाल मनरेगा राज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आधार, जिन पर शिकायतधपरिवाद दाखिल किया जा सकेगा। लोकपाल श्री श्रीवास्तव ने बताया कि कोई लाभार्थी या व्यक्ति स्वयं को अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से शिकायत कर सकता है, शिकायत पर शिकायतकर्ता या उसके प्रतिनिधि ा का हस्ताक्षर हो, और नाम एवं पता, मोबाइल नम्बर का स्पष्ट उल्लेख हो, जिसके विरूद्व शिकायत हो उस अधिकारी एवं कार्यालय तथा नोडल विभाग का नाम भी अपेक्षित है। शिकायत के साथ शिकायत से सम्बन्धित साक्ष्य भी अंकित किया जाना अनिवार्य है, और शिकायतकर्ता को लोकपाल से अपेक्षित कार्यवाही का विवरण भी उल्लिखित करना होगा। उन्होंने बताया कि प्राप्त शिकायतों की जांच कराकर सम्बन्धित दोषी व्यक्तियों के विरुद्व अधिनियम के अन्तर्गत सख्त कार्यवाही की जायेगी। लोकपाल ने बताया कि मनरेगा अधिनियम का मूल उद्देश्य ग्रामीण इलाकों के ऐसे प्रत्येक परिवार को एक वित्त वर्ष के दौरान कम से कम 100 दिन का गारण्टी शुदा रोजगार उपलब्ध कराना है जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने को तैयार है ताकि ग्रामीण भारत में रोजगार सुरक्षा की स्थिति को और बेहतर बनाया जा सके। रोजगार गारण्टी की यह व्यवस्था कई अन्य उद्देश्य की भी पूर्ति कर सकती है। रोजगार गारण्टी से उत्पादक सम्पदाओं का निर्माण करने, पर्यावरण की रक्षा करने ग्रामीण औरतों के सशक्तीकरण, गावों से शहरों की ओर होने वाले पलायन पर अंकुश लगाने और सामाजिक समानता सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

# खाकी ने मिशाल पेश कर रास्ता भटके बुजुर्ग दंपति को खाना खिला टैक्सी बुक करा पहुँचाया गंतव्य तक

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) जिले के मिल्कीपुर सर्किल के कुमारगंज थाने में तैनात कांस्टेबल विजय गुप्ता की मानवीयता उस समय सामने देखने को मिली जब रौतावा गांव निवासी 90 वर्षीय वृद्ध राजाराम तिवारी अपनी पत्नी कमला के साथ महर्षि बामदेव आश्रम जा रहे थे ।वहां से भटक कर खंडासा मोड़ कुमारगंज पहुंच गए।चौकी पर तैनात कांस्टेबल ने टैक्सी कर उनको गंतव्य तक भेजा।मिल्कीपुर सर्किल के खंडासा थाना अंतर्गत पुलिस चौकी खंडासा क्षेत्र के रामा गांव निवासी 90 वर्षीय वृद्ध राजाराम तिवारी व उनकी पत्नी कमला तिवारी बृहस्पतिवार को नगर पंचायत कुमारगंज क्षेत्र स्थित महर्षि बामदेव तपोस्थली बवां जा रहे थे। रास्ता भटक कर कस्बा कुमारगंज पहुंच गए।पुलिस बूथ खंडासा पर मौजूद कुमारगंज थाने के कांस्टेबल विजय गुप्ता ने दोनों वृद्ध को अपने साथ ले जाकर एक होटल पर जलपान कराया। जलपान कराने के बाद टैक्सी गाड़ी बुक कर महर्षि बामदेव तपोस्थली बवां भेज दिया गया। सिपाही के इस कार्य को देखकर लोग आपस में बात कर रहे थे कि सभी पुलिसकर्मी एक जैसे नहीं होते।इनके स्थान पर कोई अन्य पुलिसकर्मी होता तो उनसे बात करने को भी तैयार नहीं होता। इन्होंने तो जलपान कराने के बाद वाहन से मंदिर तक भिजवा दिया। जाते वक्त राजाराम तिवारी पति–पत्नी के आँखों से आँसू निकल पड़े और सिपाही को कहने लगे भैया महर्षि बामदेव आप और आपके परिवार की हमेशा रक्षा करेंगे।

## जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा कड़ी सुरक्षा और शांतिपूर्ण व्यवस्था के बीच शुरु

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले में यूपी बोर्ड की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था व शांति पूर्ण ढंग के बीच शुरु हुई।वही नकल पर अंकुश लगाने के लिये जिले के संबंधित उप जिलाधिकारी व सचल दल कर्मी अपने अपने क्षेत्रों में सुरक्षा कर्मियो के साथ भ्रमणशील रहे।वही इसी कड़ी में जिले के बीकापुर तहसील क्षेत्र में यूपी बोर्ड की परीक्षा गुरुवार को पहले दिन क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी की निगरानी में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। पिछले वर्ष वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के चलते परीक्षा आयोजित नहीं हुई थी। लेकिन इस बार बोर्ड की परीक्षा आयोजित होने से छात्र–छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी प्रवेश पत्र के अलावा अपना आधार कार्ड लेकर परीक्षा केंद्र पर पहुंचे। भारती इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर सुबह पहली और दूसरी पाली की परीक्षा में कई छात्र–छात्राएं अपना आधार कार्ड




लेकर नहीं आए थे। जिससे उन्हें असुविधा हुई। परीक्षार्थियों द्वारा अपने घर से फोन करके आधार कार्ड मंगवाया गया उसके बाद परीक्षा केंद्र में जाकर परीक्षा दिया। परीक्षार्थियों के लिए पानी पीने की व्यवस्था तथा मोबाइल फोन जमा करने के लिए व्यवस्था की गई थी। उप जिला अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा पहले दिन प्रथम और द्वितीय पाली में क्षेत्र के करीब आधा दर्जन परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को देखा। तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## मवई थाना निवासी नाबालिग किशोरी ने लगाया युवक पर दुष्कर्म का आरोप

अयोध्या। (राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद के मवई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक नाबालिग किशोरी ने गांव के ही एक युवक पर दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरी नाबालिग पुत्री गांव स्थित एक किराने की दुकान पर अक्सर सामान लेने जाया करती थी। लगभग एक पखवारे पूर्व पुत्री दुकान पर सामान लेने गई थी। इस दौरान आरोपी ने अपनी भाभी के साथ मिलकर साजिश के तहत पुत्री के साथ अपना फोटो खींच लिया। एडिट कर अश्लील फोटो बनाकर पीड़िता को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ अवैध संबंध बनाता रहा। आरोपी की इन हरकतों से आजिज पीड़िता ने पूरे घटनाक्रम से अपने माता–पिता को अवगत कराया।इस संबंध में सैदपुर चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि वह अवकाश पर हैं तहरीर आई होगी तो जांच कर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## सरकारी आवास दिलाने के नाम पर महिला से आरोप के मुताबिक उनतीस हजार रुपये हड़पे

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र में सरकारी आवास की औपचारिकता पूरी कर खाते में पैसा भेजे जाने के नाम पर एक अनपढ़ महिला के आरोप के मुताबिक उससे 29000 हड़प लिए गए।आरोप के मुताबिक इस मामले में गूगल पर ऑनलाइन बैंकिंग से खाते पर रकम मंगवाई गई है।इस फ्राड की जानकारी महिला को तब हुई जब 17 हजार की मांग करते हुए महिला के आधार कार्ड, पैन कार्ड की छाया प्रति भी मांगी गई।पीडिध्ता महिला ग्राम प्रधान के पास पहुंची तो प्रधान ने बताया कि इस तरह से फोन पर किसी अपराधी गिरोह द्वारा पैसा हड़प लिया गया है।इससे महिला के पैरों तले जमीन खिसक गई।सूत्र के मुताबिक यह मामला स्थानीय बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के चौरेबाजार पुलिस चौकी के परोमा गांव से जुड़ा है। गांववासी पीड़िता नीलू पत्नी मुकेश ने बताया कि उसका पति मुकेश रोजगार के सिलसिले में परदेस में नौकरी करता है और वह घर पर रहती है।उस महिला ने बताया कि लंबे समय से सरकारी आवास के लिए शासन प्रशासन को उसने पत्र भेजकर लिखा पढ़ी करती आ रही है। पीड़िता ने बताया कि 16 मार्च बुधवार से उसके मोबाइल नंबर पर दर्जनों बार अलग अलग फोन कर ध29000 खाते पर मंगवाए गए और कहा गया कि आवास के कागजात पूरा करने में यह पैसे लगेंगे। तभी आवास की रकम आपके खाते पर भेजी जा सकती है। गरीब महिला ने भाग दौड़ कर सगे संबंधियों से डेढ़ हजार, पाच हजार, दो–दो हजार तथा नौ हजार अलग–अलग कर्जा लेकर खाते पर भेज दी। जब महिला से 17000 की और डिमांड हुई तो उसने कहा कि अब तो कर्जा भी नहीं मिल पाएगा। फिर वह ग्राम प्रधान के पास पहुंची तो पता चला कि किसी फ्रॉड गिरोह की शिकार हो गई है। इस मामले की तहरीर पीडिध्ता नीलू ने कोतवाली पुलिस को देते हुए कार्यवाही की मांग की गई है।

# अयोध्या के महंत ने किया सीएम योगी आदित्यनाथ का राजतिलक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) योगी आदित्यनाथ आज दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लिये। शपथ ग्रहण के बाद अयोध्या के महंत भी उनका राजतिलक किया। महंत उन्हें प्रसाद के रूप में हनुमानगढ़ी की माला और हनुमान जी को चढ़ने वाली महाबीरी का तिलक लगाकर शिरोपा अर्थात पगड़ी पहना कर राजतिलक किया।शपथ ग्रहण के दौरान अयोध्या की 8 हजार मंदिरों में पूजा हुई।मालूम हो कि योगी आदित्यनाथ का अयोध्या से बेहद लगाव है और वे जब भी आते हैं हनुमानगढ़ी, रामलला का दर्शन जरूर करते हैं।योगी आदित्यनाथ का अयोध्या से बेहद लगाव है और वे जब भी आते हैं हनुमानगढ़ी, रामलला का दर्शन जरूर करते हैं।लखनऊ के इकाना स्टेडियम में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह को लेकर रामनगरी के महंतों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा हैं। महंतों का कहना है कि शपथ के बाद संत समाज अयोध्या के चंदन से योगी का राजतिलक करेंगे।एक दिन पहले इस दिन को उत्सव के रूप मनाते हुए सभी आठ हजार मंदिरों में भी भव्यता से पूजन किया जाएगा। दरअसल, मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह का कार्ड अयोध्या पहुंचा है। राजभवन की ओर से अयोध्या के 50 संतों को आमंत्रित किया गया है। जिला प्रशासन की ओर से समारोह में आमंत्रित संत–महंतों को मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह का कार्ड दिया गया है।श्रीरामवल्लभाकुंज प्रमुख स्वामी राजकुमार दास ने कहा कि मंदिरों में लड्ध्डू बांट कर हम सभी जश्न मनाया।वही शपथ ग्रहण कार्यक्रम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास और उनके उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास, श्रीरामवल्लभाकुंज के प्रमुख राजकुमार दास, दिगंबर अखाड़ा के महंत सुरेश दास, लक्ष्मण किला के महंत मैथिलीरमण शरण, दशरथ महल के महंत देवेंद्र प्रसादाचार्य, परिषद के प्रवक्ता गौरीशंकर दास, उदासीन आश्रम के महंत डॉ. भरत दास, महंत मिथिलेशनंदिनी शरण, महंत बृजमोहन दास, डांडिया मंदिर के महंत महा मंडलेश्वर गिरीश दास, नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास, रंगमहल के महंत रामशरण दास, जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य विद्याभास्कर, जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्रीधराचार्य, जगदगुरु रामानुजाचार्य, स्वामी राघवाचार्य, जगदगुरु रामानंदाचार्य, स्वामी रामदिनेशाचार्य, महंत मनमोहन दास, महंत रामकुमार दास, महंत राजू दास और पुजारी रमेश दास हनुमानगढ़ी सहित महंतों को आमंत्रण मिला था। आमंत्रण पत्र के साथ–साथ सभी को वाहनों का वीआईपी पास भी दिया गया।एक दिन पहले महंत गौरीशंकर दास और महंत राजू दास ने बताया कि हम सभी राजतिलक कर योगी आदित्यनाथ का राजतिलक करेंगे।श्रीरामवल्लभाकुंज के प्रमुख स्वामी राजकुमार दास ने कहा कि गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ के दोबारा सीएम बनने से अयोध्या में बेहद उत्साह है।शपथ ग्रहण के बाद श्रीरामवल्लभाकुंज सहित मंदिरों में लड्ध्डू बांट कर हम सभी उल्लास प्रकट किया।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।